//-- सुविचार --//

सफ़ल व्यक्ति अपने लिए हुए फ़ैसले से दुनिया बदलने की ताकत रखते हैं और असफ़ल व्यक्ति दुनिया के दर से अपने ही फ़ैसले बदल देते हैं।

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 14 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-61 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ईंट का जवाब पत्थर से देने वाले उस समय चुप्पी साध लेते थे जब उनसे पूछा जाता था कि पत्थर का जवाब किस चीज से दिया जाए? अब इस सवाल का जवाब मध्यप्रदेश वाले मामाजी ने ढूंढ निकाला है। पत्थर का जवाब बुलडोजर से दे दिया है। योगी आदित्यनाथ के नक्शे कदम पर चलते हुए शिवराजसिंह चौहान उनसे भी दो कदम आगे निकल गए और पत्थरबाजों के घरों पर बुलडोजर चलवाकर उसे पत्थरों के ढेर में तब्दील कर दिया। अब इस पर सियासत तेज हो गई है। लगता है जल्द ही फिल्म भी बन जाएगी- बुलडोजर फाईल्स।

सूर्योदय

उदय : 5.58 प्रात:

अस्त : 6.46 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,939,827,474

भारत : ,404,577,753

बाजार

सेंसेक्स : 58,338.93

निफ्टी : 17,475.65

गोल्ड : 52,913 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 68,952 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.82 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	40.6	25.3
बिलासपुर	40.5	25.7
जगदलपुर	37.0	21.3
अंबिकापुर	39.4	21.6

आज का दिवस

आंबेडकर जयंती: अम्बेडकर जयन्ती या भीम जयन्ती डॉ. भीमराव आम्बेडकर जिन्हें डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म दिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन को 'समानता दिवस' और 'ज्ञान दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। अम्बेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। अम्बेडकर की पहली जयन्ती सदाशिव रणपिसे इन्होंने 14 अप्रैल 1928 में पुणे नगर में मनाई थी। रणपिसे अम्बेडकर के अनुयायी थे। उन्होंने अम्बेडकर जयन्ती की प्रथा शुरू की।

36गढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को लगा झटका, 10 से 15 पैसे यूनिट महंगी हुई बिजली

रायपुर। प्रदेश के लोगों को महंगाई का एक और तगड़ा झटका लगा है। बिजली नियामक आयोग ने आज बिजली दरों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। नियामक आयोग की ओर से जारी नई दरों के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं की दर में 10 पैसे और अन्य उपभोक्ताओं की दर में 15 पैसे की वृद्धि की गई है। नियामक आयोग ने बताया कि बिजली कंपनी ने एक हजार 4 करोड़ की घाटे का प्रस्ताव भेजा था। नियामक आयोग ने 386 करोड़ ही मान्य किया और फिर 2.31 प्रतिशत वृद्धि करने की अनुमति दी है। इस वृद्धि के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 10 पैसे प्रति यूनिट और इंडस्ट्री और कर्मिशियल बिजली उपभोक्ताओं के लिए 15 पैसे प्रति यूनिट की बढोत्तरी की गयी है। छग राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने बताया, राज्य सरकार के स्वामित्व वाली तीनों बिजली कंपनियों ने टैरिफ बढ़ाने के लिए याचिका लगाई थी। कंपनियों ने 2022-23 के लिए 1004 करोड़ रुपए के राजस्व घाटे की पूर्ति का प्रस्ताव दिया था। आयोग ने अपने परीक्षण के बाद केवल 386 करोड़ रुपए का घाटा स्वीकार किया है। विद्युत वितरण कंपनी ने 19 हजार 336 करोड़ 76 लाख की राजस्व आवश्यकता बताई थी। उसको घटाकर केवल 17 हजार 115 करोड़ 85 लाख रुपया मान्य किया गया। आयोग ने 2022-23 के लिए बिजली की औसत लागत 6.22 रुपया निर्धारित की है। 2021-22 की प्रचलित दर से औसत बिल 6.08 रुपया आता है। यह औसत विद्युत लागत से 14 पैसा कम है। आयोग ने बताया कि बिजली कंपनियों की ओर से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रति 100 यूनिट 10 रुपए महंगा

बिजली की पिछली दर 5 किलोवॉट तक 3.60 रुपया प्रति यूनिट थी। 101 से 200 यूनिट तक 3.80 रुपया प्रति यूनिट की दर का स्लैब था। 5 से 10 किलोवॉट तक 201 से 400 यूनिट तक 5.20 रुपया प्रति यूनिट और 401 से 600 यूनिट तक 6.20 रुपया प्रति यूनिट की दर थी। नये टेरिफ के मान से घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की खपत पर 10 रुपए अधिक देने होंगे। एक हजार यूनिट खर्च पर यह रकम 100 रुपया तक पहुंच जाएगी। आयोग ने स्थिर प्रभार में कोई वृद्धि नहीं की है।

कृषि उपभोक्ताओं को छूट जारी रहेगी

आयोग ने स्पष्ट किया है, गैर सब्सिडी वाले कृषि पंप वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। खेतों में लगे बिजली के मोटर पंप और खेतों की रखवाली के लिए 100 वॉट के भार के उपयोग की सुविधा प्रभावी है। आयोग ने इसको इस साल भी जारी रखा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों, बस्तर विकास प्राधिकरण और सरगुजा विकास प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित अस्पतालों, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए प्रचलित बिजली दरों में 7 प्रतिशत की छूट होगी। यह छूट पहले भी मिल रही थी। महिला स्व-सहायता समूहों से संचालित ग्रामीण व्यावसायिक गतिविधियों में ऊर्जा प्रभार पर 10 प्रतिशत की छूट।

थर्ड वर्ल्ड वॉर में बदल जाएगा रूस-यूक्रेन युद्ध!

न्यूक्लियर ब्रीफकेस के साथ दिखे पुतिन

नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच जंग को दो महीने होने वाले हैं। लेकिन इतने वक्त के बाद भी रूसी सेना ने अपने कदम न तो पीछे किए हैं और न की राजधानी कीव में अपना कब्जा कर पाई है। दो महीनों के दरम्यान कई दफे रूस की तरफसे न्यूक्लियर अटैक की धमकी दी गई। पुतिन ने कई बार कहा कि अगर अमेरिका और पश्चिमी देश यूक्रेन की मदद करते रहे तो अंजाम खतरनाक हो सकते हैं। अब पुतिन न्यूक्लियर ब्रीफकेस के साथ बेलारूस के तानाशाह अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ देखे गए हैं। एटमी ब्रीफकेस के साथ पुतिन की तस्वीरों ने एक बार फिर परमाणु हमले का खतरा बढ़ा दिया है।

आकार के हिसाब से रूस दुनिया का सबसे बड़ा देश है और परमाणु हथियारों में भी रूस का विश्वभर में दबदबा है। वहीं, यूक्रेन आकार के हिसाब से दुनिया का 45वां देश है। एक छोटे से देश पर कब्जा करने में रूसी सैनिकों को काफी वक्त लग रहा है जो पुतिन की बैचेनी बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका और पश्चिमी देशों की मदद से यूक्रेन रूस से बराबरी की लड़ाई लड़ रहा है। इन देशों से मिलने वाली आर्थिक मदद और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किम जोंग उन के परमाणु बम से दहशत में आया अमेरिका

भेजा महाविनाशक एयरक्राफ्ट कैरियर

सोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के परमाणु बम के परीक्षण की तैयारी की खबरों से सुपरपावर अमेरिका टेंशन में आ गया है। अमेरिका ने तानाशाह किम को चेतावनी देने के मकसद से 5 साल बाद अपने महाविनाशक एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन को कोरिया प्रायद्वीप में भेजा है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय परमाणु मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। अमेरिका की नौसेना ने मंगलवार को कोरियाई प्रायद्वीप में यूएसएस अब्राहम लिंकन के तैनाती की खबर दी। ऐसी चिंता जताई जा रही है कि उत्तर कोरिया फिर से परमाणु ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आकांक्षी जिलों को लेकर सीएम ने पीएम को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों के विकास के प्रचलित मापदंडों में सांस्कृतिक उत्थान के तत्वों को भी शामिल किए जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि ट्रांसफार्मेशन ऑफएस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (टीएडीपी) के मॉनिटरिंग इंडीकेटर में स्थानीय बोली में शिक्षा, मलेरिया व एनीमिया में कमी, वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी, लोक कला, लोक नृत्य तथा पुरातत्व का संरक्षण-संवर्धन, जैविक खेती, वनाधिकार पट्टे आदि को शामिल किया जाना चाहिए। श्री बघेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में कहा है-मुझे यह कहते हुए खुशी है कि इन सभी मापदंडों पर छत्तीसगढ़ ने शानदार काम किया है। बघेल ने लिखा है- हमारे राज्य में कुल 10 आकांक्षी जिले हैं, जिसमें पूर्णतः 8 जिले अनुसूचित क्षेत्र में हैं एवं 07 जिले बस्तर संभाग से हैं जो अनुसूचित जनजाति बहुल्य क्षेत्र भी है और वामपंथी उग्रवाद से ग्रसित हैं। इन आकांक्षी जिलों के विकास को लेकर नीति आयोग द्वारा समय-समय पर समीक्षा एवं मूल्यांकन करने हेतु विभिन्न मापदण्ड के आधार पर आकांक्षी जिलों के बीच श्रेणीकरण किया जाता है।

हमारे वनांचल तथा ग्राम्य जीवन में संस्कृति और परंपराओं का विशेष योगदान होता है, जिससे वहां के लोगों के जीवन में समरसता, उत्साह एवं स्वावलम्बन का भाव रहे, इसलिए आकांक्षी जिलों की अवधारणा में सांस्कृतिक उत्थान के बिन्दु को भी यथोचित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह आज महासमुंद प्रवास पर

महासमुंद/नवप्रदेश। केन्द्रीय मंत्री पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास एवं शहरी मामले भारत सरकार, नई दिल्ली हरदीप सिंह पुरी आज महासमुंद प्रवास में रहेंगे। मंत्री पुरी राजधानी रायपुर से सबेरे 8 बजे कार द्वारा रवाना होकर 9:30 बजे महासमुंद पहुंचेंगे। वह यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और जिला अधिकारियों की बैठक लेंगे। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी अपराह्न 3:30 बजे महासमुंद से राजधानी रायपुर के लिए रवाना होंगे।

निर्धन का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : पीएम मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि निर्धन का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कोरोना महामारी के दौरान भी यह सरकार का संकल्प रहा है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि सरकार हर मुसीबत में उनके साथ खड़ी है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को ट्वीट किया, गरीबों का कल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। कोरोना महामारी के दौर में भी हम इसे लेकर प्रतिबद्ध रहे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि सरकार हर मुसीबत में उनके साथ खड़ी है।

3 अगल-अलग सड़क हादसे में 5 की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष के काफिले के पायलट वाहन से टकराकर एक युवक की मौत हो गई। बिलासपुर से रायपुर आते वक्त महंत के पायलट वाहन की चपेट में बाइक सवार आ गया। कार की ठोकर से बाइक सवार छिटकर दूर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इधर दंतेवाड़ा जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हुई है, जबकि 3 लोग घायल हुए हैं।

नांदघाट पुलिस के अनुसार मंगलवार की दोपहर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत का पायलट वाहन बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर तेजी से बढ़ रहा था। तभी बेमेतरा जिले के नांदघाट में यह हादसा हो गया। मृतक गोपाल दास निषाद नांदघाट थाना क्षेत्र के ग्राम करमसेन का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही नांदघाट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

स्कार्पियो खाई में गिरी, 3 घायल

जगदलपुर-बीजापुर NH-63 में मंगलवार को एक स्कार्पियो सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई है, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को एंबुलेंस से गीदम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि 2 युवकों की मौके पर मौत हुई हो गई, जबकि एक ने अस्पताल दम तोड़ दिया। वाहन में सवार सभी जिओ कंपनी के लिए काम करते थे। सभी गीदम से बीजापुर की तरफ जा रहे थे, तभी सुरोखी के पुलिस कैंप के पास वाहन अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। गीदम थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नारायणपुर के तीन मंजिला कपड़ा शोरूम में लगी भीषण आग, जिंदा जला मैनेजर

■ लाखों रुपए का नुकसान

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला मुख्यालय के एक कपड़ा दुकान में भीषण आग लगी है। आग में दुकान का मैनेजर जिंदा जल गया। तीन मंजिला कपड़े की दुकान में आग इतनी तेजी से फैली की कुछ करने का मौका ही नहीं मिला। फायर ब्रिगेड की टीम घंटों आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन जब तक सफल हो पाती। इसके पहले दुकान जलकर खाक हो गई। वहीं आसपास की दुकानों को भी बंद करवाया गया और बिजली सप्लाई भी काटी गई।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर बाद मानसरोवर कपड़ा दुकान में भीषण आगजनी की घटना हुई है। जिस वक्त आग लगी उस समय दुकान के अंदर ग्राहक और कर्मचारी समेत 40 से ज्यादा लोग मौजूद थे। जैसे-तैसे सभी निकल गए, लेकिन संचालक, मैनेजर समेत कुल 4 लोग अंदर फंस गए। 3 लोगों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया, लेकिन मैनेजर वहीं फंस गया। मैनेजर आग में जिंदा जल गया, जिसका कंकाल पुलिस ने बरामद किया है। मैनेजर का नाम जैनेंद्र जैन बताया जा रहा है। वह खैरागढ़ क्षेत्र का रहने वाला था।

ठेकेदार की मौत पर घिरी कर्नाटक सरकार, मंत्री ईश्वरप्पा पर केस दर्ज

बेंगलुरु। कॉन्ट्रैक्ट संतोष पाटिल की हत्या के मामले में कर्नाटक की भाजपा सरकार घिरती नजर आ रही है। इस मामले में कर्नाटक सरकार के मंत्री केएस ईश्वरप्पा और उनके सहयोगियों बासवराज और रमेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस मामले में मंत्री के खिलाफ अलग से एफआईआर भी कई गई है। यही नहीं सीएम बसवराज बोम्मई ने भी उन्हें तलब किया है। बोम्मई ने कहा, 'ईश्वरप्पा के खिलाफ एआईआर दर्ज की गई है। मैं सभी जानकारियां ले रहा हूं। ईश्वरप्पा से मैं फोन पर बात करूंगा और उन्हें बुलाऊंगा। फिलहाल एफआईआर दर्ज कर ली गई है।'

मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इस मामले की जानकारी हाईकमान को भी दी है। ताजा जानकारी के मुताबिक सरकार में शामिल कई मंत्री भी चाहते हैं कि ईश्वरप्पा अपने पद से इस्तीफा दे दें। इस बारे में फैसला सीएम बसवराज बोम्मई और पार्टी को लेना है कि ईश्वरप्पा का इस्तीफा ले लिया जाए या नहीं। ईश्वरप्पा और उनके सहयोगियों के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

मुलाकात... केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सल मोर्चे पर छत्तीसगढ़ को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले सीएम भूपेश

■ राज्य को दी जाने वाला जीएसटी क्षतिपूर्ति जारी रखने का मुख्यमंत्री ने किया अनुरोध

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से जीएसटी प्रणाली से राज्य के संसाधनों पर हुए असर तथा नक्सल समस्या से जुड़े नीतिगत विषयों पर गृहमंत्री से विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचार सुविधा बढ़ाने, बस्तर में सीआरपीएफ की दो और बटालियन की तैनाती, बस्तरिया बटालियन के गठन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिस पर केंद्रीय गृह मंत्री ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के 7 नक्सल प्रभावित जिलों को दिए जाने वाली विशेष सहायता राशि को फिर से शुरू करने का आग्रह किया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीएसटी क्षतिपूर्ति का मुद्दा भी उठाया। श्री बघेल ने कहा कि राज्यों को दी जाने वाली जीएसटी क्षतिपूर्ति बंद करने पर राज्य की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। नक्सल प्रभावित राज्यों में विकास कार्य के लिए राशि नहीं मिलेगी तो इसका काफी असर पड़ेगा। इस पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार का आग्रह किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अंचल में लौह अयस्क प्रचुरता से उपलब्ध है। यदि बस्तर में स्थापित होने वाले स्टील प्लांट्स को 30 प्रतिशत डिस्काउन्ट पर लौह अयस्क उपलब्ध कराया जाए, तो वहां सैकड़ों करोड़ का निवेश तथा हजारों की संख्या में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक क्षेत्रों के कारण बड़े भाग में अभी तक ग्रिड की बिजली नहीं पहुंच पाई है। सौर उर्जा संयंत्रों की बड़ी संख्या में स्थापना से ही आमजन की उर्जा आवश्यकता की पूर्ति तथा उनका आर्थिक विकास संभव है। सीएम ने वनांचलों में लघु वनोपज, वन औषधियां तथा अनेक प्रकार की उद्यानिकी फ सलों के प्रसंस्करण एवं विक्रय की व्यवस्था के लिए कोल्ड चेन निर्मित करने अनुदान दिये जाने का आग्रह किया।

बैठक में नक्सल प्रभावित ज़िलों के विकास से जुड़े मुद्दों रखे। इस दौरान उन्होंने आजीविका विकास, नक्सल क्षेत्रों में बैंकों, सड़कें, आधारभूत संरचना के विकास संबंधी मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। इस बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी शामिल रहे। मुलाकात के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने सुझावों और आग्रह पर गंभीरता पूर्वक विचार कर मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया है।

संपादकीय

रामनवमी पर उपद्रवः जिम्मेदार कौन

इस साल रामनवमी पर देश के आधा दर्जन से ज्यादा राज्यों में उपद्रव देखने को मिला है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों के दौरान वे लोग कौन है जो सांप्रदायिक सद्भाव के माहौल को खराब करना चाहते है। इन उपद्रवों के पीछे कहीं किसी की कोई सोची समझी साजिश तो नहीं है? इसके पहले भी हिन्दुओं और मुस्लिमों के त्यौहार एक साथ पड़े है लेकिन इस बार जैसा उपद्रव देखने को मिला है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। जिन राज्यों में रामनवमी के जुलूस पर पत्थरबाजी की घटनाएं हुई है उनमें भाजपा शासित राज्य भी है तो कांग्रेस शासित राज्य भी है। इसलिए यह कहना मुहाल है कि इन उपद्रवों के पीछे कोई राजनीति है। मजे की बात यह है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में रामनवमी के दौरान शांतिपूर्वक शोभा यात्राएं निकली लेकिन कहीं भी कोई उपद्रव नहीं हुआ। जबकि अन्य राज्यों में इस दौरान अप्रीय घटनाएं घटी। मध्यप्रदेश के खरगौन जिले में भी रामनवमी की शोभा यात्रा में जमकर बवाल मचा, जिसकी वजह से पुलिस अधीक्षक सहित कई लोग घायल हो गए। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने पत्थरबाजों की पहचान कर उनके घरों पर बुलडोजर ही चलवा दिया। मध्यप्रदेश सरकार की इस कार्यवाही को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस पार्टी के नेता दिग्विजय सिंह ने बुलडोजर से मकान तोड़े जाने की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाया है वहीं असउद्दीन ओवैसी ने भी शिवराजसिंह चौहान सरकार की इस कार्यवाही को असंवैधानिक बताया है। बहरहाल सवाल यह उठता है कि रामनवमी को निकली शोभा यात्राओं के दौरान ऐसी अप्रीय स्थिति आखिर कैसे बनी और किसने बनाई। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में क्यों असफल हुआ? भविष्य में धार्मिक आयोजनों के दौरान इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए संबंधित राज्य सरकारों को एहतियाति कदम उठाने की जरूरत है। देश में ऐसी ताकते सक्रीय है जो धार्मिक उन्माम फैलाकर दो समुदायों के बीच वैमनस्यता की खाई को और चौड़ा करने का षडयंत्र करती रहती है। ऐसे तत्वों की पहचान जरूरी है और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि वे समाज में जहर फैलाने का दुःसाहस न करें। देश के विभिन्न राज्य सरकारों को चाहिए की वे अपनी कानून व्यवस्था को और मजबूत करें और ऐसे विवादों को उत्पन्न होने से बचाएं। हमारा देश त्यौहारों का देश है जिसमें विभिन्न प्रकार के धर्मों के लोग रहते है जो समय समय पर अपने त्यौहारों का जश्न मनाते है।

लघुकथा

मोदी-बाइडन सार्थक संवाद

जब से रूस और यूक्रेन का युद्ध चला है, मैं बराबर लिखता रहा हूं कि इस मामले में भारत सर्वश्रेष्ठ मध्यस्थ हो सकता है, क्योंकि अमेरिका, रूस और यूक्रेन, तीनों से उसके संबंध उत्तम हैं। मुझे खुशी है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से बात करके उन्हें प्रेरित किया कि वे व्लादिमीर पूतिन से सीधे बात करें और इस युद्ध को शांत करें। बेहतर होता कि मोदी सीधे ही खुद मध्यस्थ की भूमिका निभाते। वह यह काम अभी भी कर सकते हैं। ऐसा प्रयत्न फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कर चुके हैं लेकिन उनकी एक सीमा है। वह है, उनका अमेरिका और नाटोवाला संबंध! उनका तो अपना स्वार्थ भी अटका हुआ है। वे रूस के तेल और गैस पर निर्भर हैं। भारत की ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। भारत रूस से शस्त्र जरुर खरीदता है लेकिन रूस को पता है कि भारत चाहे तो वह उन्हें किसी भी अन्य देश से खरीद सकता है। जब रूस भारत को सस्ता तेल भेजने लगा तो अमेरिका चिढ़ने लगा। उसके एक अफसर ने भारत आकर धमकी भी दे डाली कि इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। भारत की तटस्थता पर टिप्पणी करते हुए बाइडन भी बोल पड़े कि चौगुटे के देशों में भारत ही ऐसा है, जो रूस का विरोध करने में ज़रा ढीला है। लेकिन अमेरिका को पता है कि भारत के प्रतिनिधि ने संयुक्तराष्ट्र संघ में दर्जनों बार साफ़-साफ़ कहा है कि यह युद्ध तुरंत रूकना चाहिए और किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और स्वतंत्रता पर आंच नहीं आनी चाहिए। भारत ने यूक्रेन के बूचा नामक शहर में हुए नर-संहार की जांच की मांग भी की है। बाइडन और मोदी के संवाद में यह मामला भी उठा। मोदी ने पूतिन से भी कहा था कि वे झेलेंस्की से सीधे बात क्यों नहीं करते? भारत ने यूक्रेन को पहले भी अनाज और दवाइयां भिजवाई थीं और अब भी भेजने की घोषणा की है। भारत के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री इस समय अमेरिका में अपने समकक्षों से संवाद कर रहे है तो भारत रूस से पिछले एक माह में इतना तेल आयात कर चुका है, जितना कि वह पिछले एक साल में भी नहीं कर सका था। यह तेल उसे सस्ते दामों पर मिल रहा है। अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्र भारत की इस नीति की आलोचना कैसे कर सकते हैं, क्योंकि यूरोपीय राष्ट्रों ने अपना रूसी तेल का आयात अभी तक ज्यों का त्यों रखा हुआ है। मोदी और बाइडन के सीधे संवाद में भारत-अमेरिका सहयोग के कई अन्य आयामों पर भी सार्थक चर्चा हुई। चीन की चुनौती का सामना करने में अमेरिका हमेशा भारत का साथ देगा, यह अमेरिका रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन ने हमारे रक्षा मंत्री राजनाथ को आश्वस्त किया है। भारत की विदेश नीति में यदि थोड़ी सक्रियता और पहल की क्षमता अधिक होती तो विश्व राजनीति में आज उसका स्थान अनुपम बन सकता था।

अमेरिका ने भारत की निष्पक्षता का सम्मान किया

नीरज मनजीत

दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका यह चाहता था कि भारत खुलकर रूस की आलोचना करे। अमेरिका, नाटो और यूरोपीय यूनियन के देश यह भी चाहते थे कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठकों में भारत रूस के खिलाफ़ वोटिंग करे। पर भारत ने ऐसा कुछ नहीं किया। वोटिंग के वक़्त हर दफ़ा भारत के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहकर यह संदेश देते रहे कि इस नाजुक परिस्थिति में भारत पूरी तरह निष्पक्ष खड़ा है। भारत की यह निष्पक्षता उसकी निष्क्रियता नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध के इन पचास दिनों में व्लादिमीर पुतिन और जेलेन्स्की से कई बार लंबी बातचीत करके कहा कि युद्ध रोककर दोनों देश कूटनीतिक तरीक़े से मसले का हल निकालें। वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, जर्मनी के चांसलर ओलाफ़स्कोल्ज़ और इजराइल के प्रधानमंत्री बेनेट नफ़्ताली के संपर्क में भी रहे।

इस हफ़्ते सोमवार की रात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच बड़े ही सकारात्मक माहौल में एक और वर्चुअल शिखर वार्ता हुई। इस वार्ता के समांतर भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू की बातचीत भी जारी है। भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेशमंत्री एस जयशंकर वाशिंगटन में अमेरिकी रक्षामंत्री ऑस्टिन लॉयड और विदेशमंत्री टोनी ब्लिंकेन से रूबरू बातचीत कर रहे हैं। शुक्र है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भारत और रूस के बीच बढ़ती नज़दीकियों की कड़वाहट इन वार्ताओं पर बिल्कुल भी नज़र नहीं आई। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन के बीच वही केमिस्ट्री दिखाई पड़ी, जो प्रधानमंत्री मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के वक़्त नज़र आई थी।

वैसे तो आज़ादी के बाद से ही भारत विश्व बिरादरी में तटस्थता की विदेशनीति पर चलता रहा है। शीतयुद्ध के दौर में जब दुनिया साफ़ साफ़ दो हिस्सों में बंट गई थी, उस वक़्त भी भारत गुट निरपेक्ष आंदोलन का अगुआ देश था। पंडित नेहरू, यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति मार्शल टीटो, मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल नासेर और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति डॉ. सुकर्णो ने गुट निरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी थी। उस वक़्त तीसरी और दूसरी दुनिया के विकासशील और ग़रीब देश इस आंदोलन के साथ आ खड़े हुए थे। आज भले ही इस आंदोलन का महत्व तक़रीबन ख़त्म हो चुका है, पर भारत निष्पक्षता के राजनय पर पूरी दृढ़ता से कायम है। विश्व समुदाय में यह तटस्थता कई दफ़ा भारत के लिए धर्मसंकट का सबब भी बनी है। इस बार भी यही हुआ था। दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका यह चाहता था कि भारत खुलकर रूस की आलोचना करे। अमेरिका, नाटो और यूरोपीय यूनियन के देश यह भी चाहते थे कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठकों में भारत रूस के ख़िलाफ़ वोटिंग करे। पर भारत ने ऐसा कुछ नहीं किया। वोटिंग के वक़्त हर दफ़ा भारत के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहकर यह संदेश देते रहे कि इस नाज़ुक परिस्थिति में भारत पूरी तरह निष्पक्ष खड़ा है। भारत की यह निष्पक्षता उसकी निष्क्रियता नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध के इन पचास दिनों में व्लादिमीर पुतिन और जेलेन्स्की से कई बार लंबी बातचीत करके कहा कि युद्ध रोककर दोनों देश कूटनीतिक तरीक़े से मसले का हल निकालें। वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, जर्मनी के चांसलर ओलाफ़ स्कोल्ज़ और इजराइल के प्रधानमंत्री बेनेट नफ़्ताली के संपर्क में भी रहे। प्रधानमंत्री मोदी युद्धविराम के लिए दोनों देशों को राजी करने की अपील करते नज़र आए। भारत की इस स्पष्ट निष्पक्षता का ही नतीजा है कि अमेरिका की दबाव की कूटनीति के बावजूद रूस, खुद अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, इजराइल सहित खाड़ी देशों और ताक़तवर एशियाई देशों से भारत के कारोबारी और रणनीतिक रिश्ते बहुत ही अच्छे हैं। वैश्विक राजनय के इलाक़े में भारत ने गजब के संतुलन की एक बेहतरीन मिसाल पेश की है।

राजनाथ सिंह और आस्टिन लॉयड के बीच जब रक्षा सहयोग की बात चली तो लॉयड ने साफ़तौर पर कहा कि अगर हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन ने भारत को दबाने की कोशिश की तो अमेरिका खुलकर भारत का साथ देगा। लॉयड की यह आश्वस्ति चीन के लिए बुरी ख़बर हो सकती है। कुछ दिनों पहले जब अमेरिका के डिप्टी सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह भारत आए थे, तो उन्होंने सीधी धमकी देते हुए कहा था कि भारत यदि अमेरिका के ब्लॉक में नहीं आता है, तो कभी चीन ने भारत पर हमला किया, तो अमेरिका भारत का साथ नहीं देगा। पर अब अमेरिका को अच्छी तरह समझ में आ गया है कि वैश्विक समुदाय में चीन का मुकाबला करने के और वैश्विक वर्चस्व कायम रखने के लिए उसे भारत की सख़्त जरूरत है। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पिछले दिनों रूस के रक्षामंत्री सर्गेई लावरोव भारत के प्रवास पर आए थे। तब लावरोव ने अपने बयान में एक तरह से अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत पूरी तरह से रूस के साथ खड़ा है। लावरोव के पूर्व चीनी विदेशमंत्री वांग यी भी भारत के दौरे पर आए थे और उन्होंने एस जयशंकर तथा सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से द्विपक्षीय रिश्तों पर बातचीत की थी। वे प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलना चाहते थे, किंतु प्रधानमंत्री की व्यस्तता की वजह से ये भेंट नहीं हो सकी थी।

अमेरिका और भारत के बीच चल रही टू प्लस टू वार्ता के बहुत ही अच्छे परिणाम निकले हैं। बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के तटस्थ रुख का सम्मान करते हुए कहा है कि दोनों देशों के रिश्ते बहुत ही मजबूत हैं तथा भारत हमारा महत्वपूर्ण रणनीतिक, सामरिक और कारोबारी साझेदार है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि भारत और अमेरिका विश्व के दो बड़े लोकतांत्रिक देश हैं और एक-दूसरे के स्वाभाविक मित्र हैं। बाइडेन और मोदी की पॉजिटिव शिखर वार्ता के बाद विश्व समुदाय में फैल रही वह धुंध छंट गई है कि रूस की निकटता की वजह से अमेरिका से भारत के रिश्ते ख़राब हो सकते हैं।

राजनाथ सिंह और आस्टिन लॉयड के बीच जब रक्षा सहयोग की बात चली तो लॉयड ने साफ़ तौर पर कहा कि अगर हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन ने भारत को दबाने की कोशिश की तो अमेरिका खुलकर भारत का साथ देगा। लॉयड की यह आश्वस्ति चीन के लिए बुरी ख़बर हो सकती है। कुछ दिनों पहले जब अमेरिका के डिप्टी सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह भारत आए थे, तो उन्होंने सीधी धमकी देते हुए कहा था कि भारत यदि अमेरिका के ब्लॉक में नहीं आता है, तो कभी चीन ने भारत पर हमला किया, तो अमेरिका भारत का साथ नहीं देगा। पर अब अमेरिका को अच्छी तरह समझ में आ गया है कि वैश्विक समुदाय में चीन का मुकाबला करने के और वैश्विक वर्चस्व कायम रखने के लिए उसे भारत की सख़्त जरूरत है।

हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पिछले दिनों रूस के रक्षामंत्री सर्गेई लावरोव भारत के प्रवास पर आए थे। तब लावरोव ने अपने बयान में एक तरह से अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत पूरी तरह से रूस के साथ खड़ा है। लावरोव के पूर्व चीनी विदेशमंत्री वांग यी भी भारत के दौरे पर आए थे और उन्होंने एस जयशंकर तथा सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से द्विपक्षीय रिश्तों पर बातचीत की थी। वे प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलना चाहते थे, किंतु प्रधानमंत्री की व्यस्तता की वजह से ये भेंट नहीं हो सकी थी। निश्चय ही ये सारी बातें अमेरिकी थिंक टैंक ने नोट की होंगी। ज़ाहिर है कि भारत अमेरिका अपने ऐतिहासिक रिश्तों में इतनी दूर आ चुके हैं कि अब अमेरिका कतई नहीं चाहेगा कि भारत चीन के ब्लॉक के नज़दीक चला जाए। हालांकि यह काफी दूर की कौड़ी है।

स्मरण- डॉक्टर सुभाष पांडेय को याद करते हुए

गिरीश पंकज

मेरी अकसर मुलाकात उनके कार्यालय में हो जाती थी और हम लोग कुछ देर बैठकर पुराने दिनों की याद ताजा करते और देश और दुनिया की स्थितियों पर विचार-विमर्श करते। कभी डॉ लोहिया की याद करते, कभी नेताजी सुभाष चंद्र के बारे में चर्चा करते। सुभाष का राष्ट्रवादी सोच अद्भुत था। हम लोग कई बार नेताजी सुभाष जयंती या लोहिया जयंती में साथ-साथ रहते। लेकिन आज अब ये सारी बातें केवल एक स्मृति बनकर रह गई हैं। सुभाष सेवानिवृत्ति के कुछ माह पूर्व ही हम सब को छोड़ कर चले गए। वरना समाज को एक सजग विचारक और समाजसेवी डॉक्टर मिलता। विधि के विधान के आगे मनुष्य की भला कब चली है। अब तो केवल स्मृतियां हैं, जिनके सहारे हम समय-समय पर डॉक्टर सुभाष को याद किया करेंगे। डॉक्टर पांडेय ने अपने दोनों बच्चों को

देखते-ही-देखते एक साल बीत गया। मित्र डॉक्टर सुभाष पांडेय को कोरोना ने गत वर्ष छीन लिया था। वे कोरोना नियंत्रण केंद्र के प्रभारी थे और पूरी मुस्तैदी के साथ कोरोना मरीजों की देखभाल में लगे हुए थे। स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता भी थे। लेकिन हमें क्या पता था कि उसी समर्पित डॉक्टर को कोरोना हमसे छीन लेगा। 14 अप्रैल 2021 वह मनहूस तारीख थी, जब खुद कोरोना से जूझते हुए डॉक्टर पांडेय हम सब को छोड़ कर चले गए। डॉक्टर पांडेय का जाना एक ऐसे शख्स का जाना था, जो केवल सरकारी सेवा में नहीं थे, वरन उस सेवा के साथ-साथ वे साहित्य, संस्कृति, कला के असरकारी माध्यमों से भी जुड़े हुए थे। सहज-सरल-मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सुभाष मेरे ही नहीं, अनेक लोगों के परम मित्र थे। उन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने अपने बचपन के मित्रों को कभी भुलाया नहीं। मैं उनसे जब भी मिलता, तो वे अपने बचपन के दिनों में खो जाते थे और अपने मित्रों को याद करते। उनके साथ फोन पर बतियाते। उनके घर भी आया-जाया करते थे। एक दौर था, जब शहर के कुछ अखबारों में वह अकसर फिल्मों के बारे में कुछ-न-कुछ रोचक जानकारियां लिखा करते। बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक सामग्री भी दिया करते। महापुरुषों की जयंती या पुण्यतिथि पर लेख भी लिखा करते। वह शिशुरोग विशेषज्ञ थे इसलिए बच्चों के व्यक्तित्व-विकास को लेकर उनके प्रेरक लेख एक दो अख़बारों में प्रायः प्रकाशित हुआ करते थे। वर्षों तक वे टीकाकरण अधिकारी थे और सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के रोचक विज्ञापन खुद ही बनाया करते थे। विज्ञापन को सरल और रोचक भाषा में लिखने का उनका कौशल कमाल का था। अखबार वालों से उनका बेहद मधुर संबंध था। स्वास्थ संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां,

खबरें सुभाष पांडेय के माध्यम से उन्हें मिल जाया करती थीं। किसी भी पत्रकार या संपादक को स्वास्थ संबंधी कोई समस्या हो तो वह सरकारी अस्पताल में प्राथमिकता के हिसाब से उनके उपचार की व्यवस्था करते थे। यही कारण था कि लगभग हर अखबार के संपादकों से, रिपोर्टरों से उनके आत्मीय संबंध अंत तक बने रहे। मदद का जहां तक सवाल है, मैंने देखा, वह अपने आस-पड़ोस के लोगों की भी हर तरह से सहायता किया करते थे।

सुयोग्य पिता की योग्य संतान

डॉक्टर पांडेय अपने सुयोग्य पिता प्रोफ़ेसर जयनारायण पांडेय की योग्य संतान थे। जब सुभाष सात-आठ साल के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। तब उनकी माता ने परिवार का लालन-पालन किया। सुभाष जब कुछ बड़े हुए तब उन्हें अपने पिता के महान स्वतंत्रता सेनानी होने और एक अच्छे लेखक- विचारक होने का पता चला, तो उनके पिता ही उनके आदर्श बन गए। उनके पिता का व्यक्तित्व ही ऐसा अद्भुत था। वे स्वतंत्रता सेनानी थे और राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर थे। प्रखर समाजवादी चिंतक तो थे ही इसलिए बेबाकी के साथ लेखन किया करते थे। यही कारण है कि उस समय का सिस्टम उन्हें पसंद नहीं करता था और इधर-उधर उनके तबादले कर दिया करता था। इसी कारण उनकी तबीयत खराब हुई और वह लगभग चालीस साल की आयु में उनका निधन हो गया। तब एक अँग्रेज़ी अखबार ने समाचार प्रकाशित किया था, ÷ मर्डर ऑफ ए फाइन मैन''।

सुभाष से जब मेरी मित्रता हुई तब मैं एक अखबार में कार्यरत था। एक दिन सुभाष के पिताजी के बारे में मुझे जानकारी मिली, तो मुझे लगा कि ऐसे महान व्यक्तित्व पर लेख लिखा जाना चाहिए। मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि सबसे पहले मैंने प्रो जय नारायण पांडेय पर लेख लिखा और वर्षों तक उनकी पुण्यतिथि, जयंती पर लिखता रहा। उसके बाद दूसरे साथियों ने भी लिखना शुरू किया। सुभाष पांडेय और उनके परिजनों के निरन्तर प्रयास से अंततः शासकीय उच्चतर माध्यमिक महाविद्यालय का नाम प्रो जयनारायण पांडेय के नाम पर हो गया। यह वही विद्यालय है जहां जयनारायण पांडेय अध्ययन करते थे और गुलामी के दौर में स्कूल की प्राचीर पर यूनियन जैक को फेंककर तिरंगा लहरा दिया था। नयापारा की उस गली में जहां प्रोफेसर पांडेय रहते थे, उस सड़क का नामकरण भी उन्हीं के नाम पर हुआ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चाहे भले ही अन्य

चाहे भले ही अन्य बजट में कटौती करना पड़े मगर कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारों को पेट्रोल डीजल में अपना टैक्स कम करके अपने अपने राज्यों की जनता को कुछ तो राहत दे और इन राज्यों के मजबूत विपक्ष भी जोरदार आंदोलन करे क्योंकि अपने दल के शासित राज्यो में तो आप आवाज उठाने से रहे।

- संत आर थवाईत

मुस्कुराती आंखें

मुस्कुराती आंखें छूपा जाती है, विस्मृति के भाव, टूटन और अलगाव। कर गुजरने की पीड़ा, हृदय के विचलित क्रंदन क्रीड़ा। अनहोने एहसास, सूखते होठों पे प्यास। और भी बहुत कुछ, है कहने को पर। पर जरूरी है आंखों की ये मुस्कान। तभी जमाना दूर रहेगा, अपनी बेहयाई के साथ और करने देगा आपको अपने हिस्से का प्रयास। बस इतना ही आज।। बाकी फिर कभी। ठीक है ना।

-गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

ख़ास पाती | शुभ तरु बैठ कदम्ब की लिये

शुभ तरु बैठ कदम्ब की,लिये कुसुम जग हाथ।सदा मधुर मुस्कान दें,जय जय जय जग नाथ चैत्र मास के शुक्ल में ठीक अमावस बाद हो प्रथम सोम स्थापना,रखना इतना याद प्रातः संध्या अर्चना,सप्त दिवस तकनित्य करे अर्हनिश जो मनुज,स्वप्न सभी हों सत्य सप्त दिवस पश्चात जब,दिखे दूसरा सोम कहें कथा तब आरती,पुलक उठे हर रोम सच्ची श्रद्धा से करे जो भी फेरे पाँच अनल मध्य हो जीव पर,कभी न आये आँच नानाविधि मिष्ठान्न का,प्रभु को चढ़ा प्रसाद प्रेमभाव से कर ग्रहण,मिटता सकल विषाद भावों से परिपूर्ण हैं,भक्तजनों के अंग जय जय श्री हरि बोलते,झांझर ढोल मृदंग। जय जय जगन्नाथ स्वामी।सदैव जय हो भगवन! सर्वत्र सर्वदा सर्वथा शुभ हो। - **शुभा शुक्ला मिश्रा**

नींद लो भरपूर सारे गम दुखो

नींद लो भरपूर सारे गम,दुखो का नींद हल है प्यार से जीवन गुजारो,ये सबक सबसे सरल है जब सभी से दोस्ती हो ,तब बचेगी दुश्मनी क्यों नफरतों को कम करो, इसकी जरूरत आजकल है साथ जायेगा नही कुछ,हाथ खाली ही चलोगे छोड़ सब होगी विदायी,बात ये बिल्कुल अटल है जो सदा सोचे, किसी का हो भला, वो मान पाता आज जिसका है यहाँ सम्मान, वो ही तो सफल है ज्ञान बढ़ता बांटने से, ये किसी ने सच कहा है ज्ञान को कोई चुरा ले, न किसी में इतना बल है जब गले में ड़ाल के माला हुआ सम्मान तेरा याद में इनको सहेजो,कीमती ये खास पल है। - **शालिनी शर्मा**

हो समागम संत का वो

हो समागम संत का वो धरा पावन सदा ही कर्म धरती देह कर लें हो यहां आवन सदा ही दर्शनों का लाभ लेकर मन रहे भावन सदा ही गुरु कृपा से ही बरसता ये सरस सावन सदा ही। - **रजनी रामदेव**

मुझे लगा सब कुछ ले गए हो

मुझे लगा सब कुछ ले गए हो तुम जाते समय पर आज सोचती हूं कितना कुछ दे गए हो तुम सपनों का टूटा खंडहर अनंत तक फैला अकेलापन और अस्तित्व की तरफ रुके मेरे कदम कितना कुछ दे गए हो तुम जाते समय बिल्कुल अकेला करके चले गए हो तुम।

- सरिता शैल

भूख,प्यास, दर्द की परिभाषा बदल

भूख,प्यास, दर्द की परिभाषा बदल जाती है जब सच में भूखे की भूख मुझे नज़र आती है एक दूसरे का बिन मांस का बदन ही जब कपड़ा बन जाता है तो कपड़ों की ललक ही मर मर जाती है दर्द की परिभाषा ही बदल जाती है,,, दूर तक धुंध और धुआं रस्ते होते सब गुम गरीबी जब चलती है न तो मंजिल भी दूर सरकती ही जाती है रस्ते और मंजिल की भी परिभाषा तो देखो आखिर बदल ही जाती है,,, कुछ पंछियों का उड़ना दिल भी संग संग उम्मीद की किरण आती है फिर उड़ते परिंदों को देख खुले बदन भूखे तन प्यासे मन- भी तो देखो दर्द की परिभाषा एक बार फिर बदल बदल ही जाती है उम्मीद ले ही आती है।

- शुचि 'भवि'

हार से /हौसला / ही नहीं/ जायेगा

हार से /हौसला / ही नहीं/ जायेगा मुझ से खुद /को छला /ही नहीं /जायेगा जैसे तुम /ढालना /चाहते /हो हमें वैसे हम/ से ढला/ ही नहीं /जायेगा जब सवे/रा हुआ/ रात भी/ आयेगी फिर कहीं /भी चला/ही नहीं /जायेगा। आग ऐ/सी लगी/ है ये दो/नों तरफ़तन्हा हम/ से जला/ ही नहीं/ जायेगा तेरे दी/दार को/ दिल तड़प/ता बहुत अश्कों का /ज़लज़ला /ही नहीं/ जायेगा।

- दिनेश भोपाली

QUIZ TIME

1) 'इंडिया ञ्च75' नामक डॉक्यूमेंट का किसने प्रकाशन किया?

2) राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन भारतीय संघ की स्थापना कब की गई थी?

3) कोरोना वायरस एंटीबॉडी डिटेक्शन किट 'डिपकोवैन' को किसके द्वारा निर्मित किया गया है?

4) महासागरीय नितल का सबसे विस्तृत भाग कौन-सा है?

5) महाभोज उपन्यास किसकी रचना है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नीति आयोग (2) 2 अक्टूबर, 1958 (3) डीआरडीओ (4) गहरे सागरीय मैदान (5) मन्नू भंडारी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1659: औरंगजेब ने दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया। 1736: तस्कर एंड्रयू विल्सन के निष्कासन के बाद एडिनबर्ग में निजी दंगे हुए, जब शहर के गार्ड कप्तान जॉन पोर्टियस ने अपने लोगों को भीड़ पर आग लगाने का आदेश दिया। पोर्टरी को बाद में गिरफ्तार किया गया। 1775: पहली बीजावृत्तिवादी संगठन का आयोजन फिलाडेल्फिया, अमेरिका में हुआ। 1834: व्हिग पार्टी को आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर हेनरी क्ले द्वारा नामित किया गया। 1849: 1848 के हंगरियन क्रांतिः हंगरियन क्रांतिकारी संसद डेब्रेसेन में स्वतंत्रता से हाब्सबर्ग साम्राज्य की घोषणा की। 1865: अब्राहम लिंकन की हत्याः संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को गोली मार दी गई। 1871: कनाडा ने डॉलर, सेंट और मिल्स के रूप में मुद्रा का संप्रदाय निर्धारित किया। 1872: सैन फ्रांसिस्को बार एसोसिएशन का आयोजन किया गया। 1891: भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ। 1900: पेरिस विश्व प्रदर्शनी खुली। 1916: इम्पीरियल जर्मन सेना ने उत्तरी तट पर हमले से बचाने के लिए तटीय रक्षा के उच्चायुक्त की स्थापना की। 1944: मुंबई के बंदरगाह में हथियारों से भरे जहाज में विस्फोट हुआ, 1200 से अधिक लोगों की मौत। 1954: ऐशूरिन बेवन ने ब्रिटिश लेबर पार्टी के ''छाया कैबिनेट'' से इस्तीफा दिया। 1962: भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय अभियंत्रक एम.विश्वेश्वरैया का निधन। 1980: आयरन मेडेन का पहला आत्म-शीर्षक एल्बम आयरन मेडेन प्रकाशित किया गया।

राज्य में तीन वर्षों में कुपोषण में 8.7 प्रतिशत की कमी

■ महिलाओं और बच्चों की बेहतरी सरकार की प्राथमिकता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की खुशहाली और बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में महिलाओं और बच्चों के हितों के संरक्षण और उनकी बेहतरी के लिए कई अभिनव योजनाएं संचालित की जा रही है। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा और उनके स्वास्थ्य के स्तर को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे राज्य में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

बेहतरी प्राथमिकता

छत्तीसगढ़ में एकीकृत बाल विकास सेवा मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, वजन त्यौहार तथा नवा जतन जैसी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री पोषण अभियाान के समन्वित प्रयास से विगत तीन वर्षों के दौरान कुपोषण में 8.7 प्रतिशत की कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-4 के अनुसार प्रदेश के 5 वर्ष से कम उम्र के 37.7 प्रतिशत बच्चे कुपोषण और 15 से 49 वर्ष की 47 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित थीं। कुपोषित बच्चों में अधिकांश आदिवासी और दूरस्थ वनांचलों के थे। राज्य सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत 2 अक्टूबर

2019 से की। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करने की रणनीति तैयार की गई है। योजना शुरू होने के समय वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग 4 लाख 33 हजार 541 बच्चे कुपोषित थे।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के चलते राज्य में अब तक 1,72,000 से अधिक बच्चे अब कुपोषण मुक्त हो गए हैं। इस तरह कुपोषित बच्चों की संख्या मे कुल 39 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य में 85 हजार महिलाएं एनीमिया से मुक्त हो चुकी हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के मुताबिक राज्य में कुपोषण का प्रतिशत 31.3 है जो कुपोषण के राष्ट्रीय औसत से 32.1 प्रतिशत से कम है। राज्य में महिलाओं और बच्चों को पोषण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के दौरान कुपोषित महिलाओं, शिशुवती महिलाओं एवं शाला त्यागी किशोरियों एवं 51,455 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लगभग 27 लाख हितग्राहियों को भी घर-घर जाकर रेडी-टू-ईट फूड वितरित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में कौशल्या मातृत्व योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं के पोषण में सुधार के लिए द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर राज्य द्वारा 5 हजार रूपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अब राशि को 15 हजार रूपए से बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दिया गया है। बढ़ी हुई दर से जरूरतमंद परिवारों की लगभग 8 हजार कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया गया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ में सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से प्रदेश में 27 जिलों में पीड़ित व संकटग्रस्त, जरूरतमंद महिलाओं को उनके आवश्यकतानुसार सुविधा और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इन सेंटरों में विगत तीन वर्ष की अवधि में 8 हजार 826 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 3 हजार 694 प्रकरणों में महिलाओं को आश्रय सुविधा प्रदान की गई। महिला हेल्प लाईन 181 के माध्यम से 2 हजार 793 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। राज्य में महिला स्व-सहायता समूहों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए 2 लाख रूपए का ऋ्रण प्रदान करने की व्यवस्था सक्षम योजना के तहत की गई है। छत्तीसगढ़ महिला कोष के माध्यम से ऋ्रण लेने वाले महिला स्व-सहायता समूहों पर लगभग 13 करोड़ रूपए का ऋण लंबित होने के कारण इनके काम-काज ठप्प हो गए थे। सीएम ने छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा वितरित महिला समूहों का 12 करोड़ 77 लाख का बकाया ऋण माफकरने के साथ ही इस योजना में दिए जाने वाले ऋण की सीमा को भी बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। छत्तीसगढ़ महिला कोष के लिए वर्ष 2018-19 की तुलना में इस साल बजट के प्रावधान में 30 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 5 करोड़ 20 लाख का प्रावधान किया गया है। महिलाओं एवं बच्चों की सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय पर बढ़ोत्तरी की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 5 हजार रूपए से बढ़ाकर 6500 रूपए और सहायिकाओं का 2500 रूपए से बढ़ाकर 3250 रूपए कर दिया गया है। मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 3250 रूपए से बढ़कर 4500 रूपए किया गया है।

केंद्र सरकार से फुलवारी क्रेश केंद्रों के पुन: संचालन की मांग

■ देश में सक्षम आंगनवाड़ी व मिशन पोषण 2.0, मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य की शुरूआत के लिए हुआ विचार विमर्श

■ सम्मेलन में महिलाओं और बच्चों से जुड़े कार्यक्रमों के संचालन के लिए दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने केंद्र सरकार से 2850 फुलवारी क्रेश केंद्रों और 400 आंगनबाड़ी सह-क्रेश केंद्रों को फि र से प्रारंभ करने का मुद्दा उठाया है। इसी प्रकार राज्य में पदस्थ 226 क्रेश कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय के साथ योजना को पुनः संचालित करने की स्वीकृति देने की मांग केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित की गई क्षेत्रीय परामर्श सम्मेलन में की गई है।

सम्मेलन में सम्पूर्ण देश मे सक्षम आंगनवाड़ी व मिशन पोषण 2.0, मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य की शुरुआत करने के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की महिला बाल विकास की संचालक दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि राज्य में 10 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाया जा रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी के लक्ष्यों के अनुरूप यदि राज्य को राशि दी जाती है तो वर्ष 2022-23 में ही 10 हजार मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाए जा सकेंगे। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के लिए पूर्वोत्तर राज्यों की तरह वाहन व्यवस्था, सभी सखी सेन्टर के लिए वाहन व्यवस्था, स्वाधार एवं उज्ज्वला होम के किराया मद में वृद्धि आदि महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए।

श्रीमती मिश्रा ने राज्य में महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े कार्यक्रमों के बेहतर संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी, पूरक पोषण आहार के वित्तीय मापदण्ड में वृद्धि, बच्चों के प्रभावी संरक्षण हेतु बाल संरक्षण योजना का ग्राम स्तर तक प्रभावी विस्तार एवं क्रियान्वयन हेतु अमला एवं अधोसंरचना, आंगनबाड़ी के हितग्राहियों के लिये पोषण दरों में मंहगाई अनुसार वृद्धि किए जाने के सुझाव दिए। इसके अलावा उन्होंने शहरी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति एवं निर्माण दरों में वृद्धि, प्रत्येक केंद्रों हेतु बाउंड्रीवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के सभी जिलों में विस्तार करने की आवश्यकता जताई।

तीन दिन में 30 स्कूलों की जांच, 14 को नोटिस जारी, 9 टीमें कर रही जांच

■ तय राशि से ज्यादा फीस लेने सहित शिक्षण सुविधाओं की हो रही जांच

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के निजी रूकूलों द्वारा विद्यार्थियों के पालकों से तय राशि से ज्यादा फीस लेने और स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की सुविधाओं में कमी की सूचना को कलेक्टर सौरभ कुमार ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने नवप्रदेश में प्रकाशित खबरों को भी संज्ञान में लेकर सभी निजी विद्यालयों की जांच के निर्देश डीईओ को दिए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी विद्यालयों की जांच के लिए 9 जांच दल बनाए गए। इन दलों ने पिछले तीन दिनों

में ही जिले के 30 निजी स्कूलों में दबिश देकर वहां उपलब्ध सुविधाओं सहित पालकों से ली जा रही फीस आदि की पूरी जानकारी ली है। जांच दल की रिपोर्ट पर डीईओ ने पिछले तीन दिनों में 14 निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर जरूरी दस्तावेजों के साथ कार्यालय में तलब किया है।

जिला पर 5 और ब्लॉक स्तर पर 4 टीम गठित

निजी स्कूलों की जांच के लिए जिला स्तरीय 5 और 4 विकासखण्ड स्तरीय जांच दल बनाये है। औचक निरीक्षण के दौरान गणवेश, पुस्तक-कॉपी आदि की खरीदी के संबंध में जानकारी ली गई है। निर्धारित फीस, उसका फीस नियामक समिति द्वारा अनुमोदन, 8 प्रतिशत की सीमा में बढ़ोत्तरी की भी प्रमुखता से जांच की जा रही है। इसके साथ ही शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत पढ़ने वाले बच्चों की उपस्थिति, स्कूलों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, अध्यापन कक्षों की उपलब्धता, शिक्षकों की उपस्थिति, कोविड टीकाकरण आदि की भी जांच दलों द्वारा गंभीरता से की जा रही है। अपने निरीक्षण के दौरान निजी विद्यालयों को शासकीय मान्यता संबंधी दस्तावेज की भी जांच की जा रही है।

विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की 131वीं जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 131वी जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए किया नमन।

डॉ महंत ने कहा कि, डॉ. आंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में अछूतों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए प्रयास किए। सामाजिक-राजनीतिक सुधारक के रूप में आंबेडकर की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा असर हुआ है और अपने जीवन को जाति उत्पीड़न और भेदभाव से लड़ने के लिए समर्पित किया, जिससे भारतीय समाज जाति व्यवस्था की बुराइयों के बारे में अधिक जागरूक हो गया, और इसे अधिक समावेशी बनाने की दिशा में काम किया, जिन्हें संविधान में विस्तार से बताया गया है। समूचे जीवन में उन्होंने अछूतों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए प्रयास किए।

छग में किडनी के मरीजों को नि:शुल्क मिल रही डायलिसिस की सुविधा

■ लोगों को सस्ती और अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में चिकित्सा सुविधा को सस्ती और अच्छी बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। राज्य के बीपीएल राशन कार्ड धारकों को पांच लाख रूपए तक का कैशलेस इलाज मुहैया कराने के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना पहले ही शुरू की जा चुकी है। अब राज्य शासन के द्वारा किडनी के मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा भी दी जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय निःशुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत राज्य के आठ जिला अस्पतालों में 'जीवन धारा' नाम से निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। किडनी रोगों से ग्रस्त मरीजों को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। स्थानीय स्तर पर ही डायलिसिस की सुविधा मिलने से किडनी रोगों से पीड़ितों को अब दूर नहीं जाना पड़ रहा है। इससे मरीजों और उनके परिजनों के श्रम, धन और समय की भी बचत हो रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के आठ जिलों दुर्ग, कांकेर, कोरबा, बिलासपुर, जशपुर, सरगुजा, महासमुंद और बीजापुर में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए जशपुर, दुर्ग व कांकेर जिले में पांच-पांच, अंबिकापुर व महासमुंद में चार-चार, कोरबा में छह, बीजापुर में तीन एवं बिलासपुर में चार (सिम्स मेडिकल कॉलेज में तीन और बिलासपुर कोविड अस्पताल में एक), इस तरह कुल 36 मशीनों की स्थापना की गई है।

राष्ट्रीय निःशुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत अब तक आठ जिला अस्पतालों में कुल 23 हजार 129 डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं। इनमें से दुर्ग जिले में 4885, कोरबा में 4872, कांकेर में 4230, बिलासपुर में 3504, महासमुंद में 2631, सरगुजा में 1390, बीजापुर में 942 एवं जशपुर में 675 सेशन किए गए हैं।

निजी अस्पतालों में एक बार डायलिसिस कराने का 700 रूपए से 1200 रूपए लगता है, जबकि राज्य शासन द्वारा निःशुल्क यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न जिलों के शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा से दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को डायलिसिस के लिए दूर जाना नहीं पड़ रहा है।

मंत्री अकबर से मिले वक्फ बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुलाम मिनहाजुद्दीन

रायपुर/नवप्रदेश। वन तथा विधि-विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर से शंकर नगर-रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात् श्री गुलाम मिनहाजुद्दीन ने सौजन्य भेंट की। श्री अकबर ने उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि गुलाम मिनहाजुद्दीन छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं।

राज्यभर में बन रहे सी-मार्ट: अब शहरों में एक छत के नीचे मिलेंगे गांवों में तैयार उत्पाद

■ गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों का होगा विक्रय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल सी-मार्ट की स्थापना को लेकर राज्यभर में तैयारी जोरों पर है। गांव में तैयार होने वाले विभिन्न उत्पादों को नया बाजार देने और शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध कराने राज्य सरकार ने सी-मार्ट (छत्तीसगढ़-मार्ट) का कॉन्सेप्ट लाया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सी-मार्ट की स्थापना के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरे चरण में राज्य से बाहर में महानगरों में सी-मार्ट स्थापित किए जाएंगे। इस कड़ी में बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में 6 हजार वर्गफीट बनकर तैयार हो चुका है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शीघ्र ही करेंगे।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में अनेक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों, शिल्पकारों, बुनकरों, दस्तकरों, कुम्भकरों और अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ही छत्त के नीचे विक्रय करने के लिए सकारात्मक पहल की है। सी-मार्ट को लेकर तैयार प्रारूप के अनुसार गौठानों में कार्यरत महिला-स्वसहायता समूह द्वारा तैयार विभिन्न तरह के उत्पाद समेत गांवों में बनने वाले अनेक तरह के उत्पादों को एक छत के नीचे बिक्री के लिए रखा जाएगा। इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार के साधन बढ़ेंगे। सी-मार्ट महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के लिए आत्मनिर्भर बनने की राह में मील का पत्थर साबित होगा। उनसे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

सी-मार्ट में यह मिलेगा

सी-मार्ट में दैनिक उपयोग के समान जैसे हल्दी, मिर्च, पापड़, चिप्स, बड़ी-बिजौरी, आचार, फिनाइल, हैंडवॉश, वासिंग पाउडर, अगरबत्ती, धूप, दोना-पत्तल, ढेकी से कूटा हुआ चावल, घानी से निकाला हुआ तेल, कोदो, कुटकी, मक्का से लेकर सभी दलहनी फसलें बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। उक्त उत्पाद जिले के विभिन्न गौठान में स्थित आजीविका सेंटर में कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा तैयार किए गए है। इसी के साथ ही सी-मार्ट में वन विभाग के मशहूर ब्रांड 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' के भी विभिन्न उत्पाद जैसे इमली, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, आंवला, शहद उपलब्ध होंगे। गांवों में बने फूलझाड़ू, टेराकोटा, बेलमेटल, बांस उत्पाद, चमड़े के सामान, लौहशिल्प, कोसा सिल्क और लकड़ी के उत्पाद भी यहां बिकेंगे।

मार्केटिंग के लिए खास रणनीति

छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पादों की तरह ग्रामीण उत्पादों की मार्केटिंग की व्यवस्था लघु वनोपज संघ द्वारा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टरों को महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित एवं अन्य सभी पारंपरिक उत्पादकों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था हेतु प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ से समन्वय करने को कहा है।

इनको बनाया गया है सदस्य

सी-मार्ट योजना के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है। समिति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय एवं मॉनिटरिंग का काम करेगी। इस समिति में वित्त विभाग, वन विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, खनिज साधन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित वनोपज संघ के प्रबंध संचालक को सदस्य बनाया गया है।

चिटफंड कंपनी निर्मल इंफ्राहोम कार्पोरेशन की खरोरा स्थित जमीन की हुई नीलामी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में चिटफंड कंपनी निर्मल इंफ्राहोम कार्पोरेशन की कुर्क की गई संपत्ति की नीलामी हुई। खरोरा की 0.834 हेक्टयर भूमि की नीलामी की गई। यह जमीन बाजार मूल्य से लगभग साढ़े तीन गुना से अधिक दर पर नीलाम हुई। जमीन को रायपुर के अमित अग्रवाल ने 51 लाख 51 हजार रूपये की बोली लगाकर खरीदा। इस संपत्ति की नीलामी से मिली राशि को प्रशासन द्वारा कंपनी के निवेशकों को वापस लौटाया जाएगा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने चिटफंड कंपनी की खरोरा गांव स्थित भूमि को कुर्क किया था।

इसके बाद जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से आदेश जारी कर भूमि को नीलाम करने के लिए तहसीलदार खरोरा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। नीलामी की कार्रवाई तहसील कार्यालय प्रांगण में हुई। इसके पहले पूरे प्रकरण को तहसीलदार द्वारा शासकीय प्रक्रिया अनुसार दर्ज किया गया था।

नीलामी की कार्रवाई के पहले सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत सूचना भी जारी की गई थी। खरोरा की इस भूमि का स्थानीय पटवारी और राजस्व निरीक्षक द्वारा मूल्य गणना भी कराई गई थी। राजस्व अधिकारियों ने बाजार मूल्य के हिसाब से इस भूमि का मूल्य 13 लाख 90 हजार 612 रूपये अनुमानित किया था। नीलामी में आठ लोग शामिल हुए, जिनमें से अमित अग्रवाल ने 51 लाख 51 हजार रूपये की बोली लगाकर भूमि को खरीदा।

डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर सार्वजनिक जयन्ती समारोह समिती द्वारा मठा वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। डॉं. बाबासाहेब आम्बेडकर जी के 131 वीं जयन्ती के उपल्यक्ष में गुढ़ियारी युवा बौध्द संघ के रमाकान्त रामटेके, मुकुन्द मसुरकर के नेतृत्व मे गुढ़ियारी बौध्द विहार से हजारो की संख्या में बाईक रेली निकलकर बाबा साहेब की जय-जय कार के नारे लगाते हुए उत्साह पूर्वक बाबा साहेब आम्बेडकर प्रतिमा के पास समापन किया गया। जिसमे भारतीय बौध्द महासभा के जिला अध्यक्ष और बाबा साहेब आम्बेडकर सार्वजनिक जयंती के रैली प्रभारी प्रकाश रामटेके,विजय गजघाटे, जी.एस.मेश्राम,विजय चौहान जी के द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुध्द वंदना कर बाइक रैली में आये हजारो की संख्या में सभी युवाओं को मठ्ठा वितरण करके पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर डॉं. बाबा साहेब आम्बेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के संयोजक भोजराज गौरखेड़े जी,राहुल रामटेके, राजु मेंढे, मनोज सहारे, राजकमल मेश्राम, प्रदीप रंगारी, मकरन्द घोड़ेसवार, प्रमोद वैद्य, रामभाऊ डोंगरे,महेश बोरकर, हरीश रामटेके, पुष्पा वैद्य, नन्दा रामटेके, निरदोश डोंगरे, लकेश गजभिये, खिलेन्द्र धावड़े, आशिश नागदेवे, आशु डोंगरे, धीरज रहाटे, चन्द्रकान्त रामटेके, विवेक मेश्राम, सिध्दार्थ सुमीत चौहान, संगीता रामटेके, अनीता गजभिये, प्रतिमा गजभिये, रिना बोरकर, पुरोष्तम मेश्राम, लोकचन्द डोंगरे, देवेन्द्र भौतिक एठं समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

राजधानी में 19 से तीन दिवसीय राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का सीएम बघेल करेंगे शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का आयोजन राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ऑडिटोरियम में 19 से 21 अप्रैल तक किया जाएगा। राष्ट्रीय महोत्सव का उद्घाटन 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे तथा समापन 21 अप्रैल को राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य में होगा। राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव, राज्य स्तरीय जनजातीय नृत्य प्रदर्शन और राज्य स्तरीय कला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह आयोजन आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री डॉ.

प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री डॉ.टेकाम ने कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान राज्य के विभिन्न अंचलों के जनजातीय समुदाय के प्रबुद्ध व्यक्तियों, समाज प्रमुखों, साहित्यकारों एवं कला मर्मज्ञों को भी आमंत्रित किया जाए। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बस्तर बैंड का प्रदर्शन, बाल कलाकार सहदेव नेताम और जनजातीय नृत्य मुख्य आकर्षक होंगे। साहित्य सम्मेलन को पद्मश्री साहित्यकार हलधर नाग भी सम्बोधित करेंगे।

बैठक में सचिव आदिमजाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास डीडी सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जनजातीय विषयों के`खक और शोधार्थियों का संगम :

साहित्य महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से जनजातीय विषयों पर लेखन कार्य करने वाले जनजातीय एवं गैरजनजातीय स्थापित एवं विख्यात साहित्यकारों, रचनाकारों, विश्वविद्यालयों के अध्येताओं, शोधार्थियों, विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। अब तक 80 शोधपत्र प्राप्त हो चुके हैं। शोध पत्रों के सारांश को पुस्तक आकार देने प्रकाशन की तैयारी चल रही है। शोधार्थियों को कार्यक्रम में शोध पढ़ने के लिए आमंत्रण भेजा जा चुका है। वरिष्ठ साहित्यकारों और विद्वानों के साथ परिचर्चा के लिए देश के विभिन्न जनजातीय राज्यों एवं विश्वविद्यालयों से लगभग 28 प्रोफेसरों एवं साहित्यकारों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। राज्य के भी विद्वान जो महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं जनजातीय क्षेत्रों में है, उनकों भी आमंत्रित किया गया है।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

न्यूज गैलरी

जेल तिराहा से गांधी पुतला तक होगी चौड़ी व सौंदर्यीकरण का विधायक व महापौर ने किया कार्य प्रारम्भ की शुरुवात

दुर्ग (नव प्रदेश)। शहर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा गौरवपथ का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण 5 करोड़ 44 लाख की लागत से बुधवार को कार्यप्रारम्भ की शुरूआत की गई, करीब डेढ़ मीटर चौड़ी डिवाइडर के दोनों ओर 7-7 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा, गौरव पथ टू लेन का होगा, सड़क के चौड़ी होने से नागरिको को आवागमन में भारी सुविधा मिलेगी, गौरवपथ के वर्तमान स्वरूप को बेहतर नया लुक देने तथा सुगम आवागमन के लिए इसका चौड़ीकरण किया जा रहा है, विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि गौरवपथ का चौड़ीकरण जेल तिराहा से जेआरडी स्कूल के सामने स्थापित गांधी की प्रतिमा तक किया जाएगा और सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण किया जाएगा, शेष बचे जगह पर सौंदर्यीकरण होगा. 6 माह की कार्य अवधि में कार्य को पूरा किया जाना है। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम एवं शहर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा आरएन वर्मा, आयुक्त हरेश मंडावी, देवेश मिश्रा, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, अनूप वर्मा के अलावा अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में मौजूद नगर निगम कार्यपालन अभियंता नेमीचंद जैन, अधिकारी सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, उपअभियंता पंकज साहू के अलावा अन्य मौजूद थे।

कलेक्टर ने दिया आगजनी के जांच का आदेश

दुर्ग (नव प्रदेश)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पावर हॉउस स्थित जवाहर मार्केट के पीछे स्थित बस्ती में आग लगने की घटना के जांच का आदेश एसडीएम छावनी को दिया है। जिसमें आगजनी की घटना की परिस्थिति का आंकलन, घटना में हताहत हुए लोगों के स्थिति का आंकलन, चिकित्सा सुविधा का आंकलन, आग बुझाने के लिए पर्याप्त कार्यवाही हुई की नहीं व आगजनी के लिए कोई जिम्मेदार तो नहीं इत्यादि बिन्दु शामिल है।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के लिए रजिस्ट्रीकरण और अपीलीय अधिकारी नियुक्त

दुर्ग। पंचायती राज अधिनियम और छत्तीसगढ़ पंचायत अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग के जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र धमधा तथा पाटन में 4 संरपच तथा 19 पंचो के रिक्त पदों के लिए चुनाव होना है। इसके फोटोयुक्त निर्वाचक व पुनरीक्षित नामावली कार्य के हेतु पाटन के 6 ग्राम पंचायतों व धमधा के 17 ग्राम पंचायत के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाटन और धमधा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार पाटन और धमधा तथा श्रीमती पदमिनी भोई साहू अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

स्कूल में किया गया टीकाकरण कैंप का आयोजन

दुर्ग (नव प्रदेश)। टीकाकरण कैंप मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन एंड इक्विटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत आज जिले के दुर्ग पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए मॉडल टीकाकरण कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में बच्चों के पंजीयन के लिए पंजीकरण कक्ष, प्रतिक्षा कक्ष, टीका कक्ष और निरीक्षण कक्ष की व्यवस्था थी। बच्चे को समझाने के लिए समर्थन द्वारा नए तरीके से टीके की सांप-सीढ़ी जैसे गेम खिलाये गए। खेल के माध्यम से बच्चे टीके के लिए तैयार हुए और साथ ही 12 से 14 साल के करीब 46 बच्चों को टीका लगवाया गया। इस वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन दुर्ग पब्लिक स्कूल, साई नगर में सरुपा गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इसके आयोजन में समर्थन ने तकनीकी सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग ने अपनी वैक्सीन टीम भेज कर बच्चों को टीका लगवाया। आज के आयोजन का प्रबंधन स्कूल प्रिंसिपल रूही देवांगन और समर्थन के मनीष झा ने संभाला।

महज 3 दिन में बस गई सूर्या नगर की खटीक बस्ती, प्रभावितों का घरौंदा हुआ तैयार

दैनिक जरूरतों की सभी सामग्रियां प्रभावित परिवारों को वितरित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल की पहल से सूर्या नगर की खटीक बस्ती फिर से अपने मूल स्वरूप में आ गई। वह भी महज 3 दिनों में। प्रभावित परिवारों का आशियाना तैयार होने का पूरा स्ट्रक्चर खड़ा होने के बाद आज विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, माननीय मुख्यमंत्री के ओएसडी मनीष बंछोर, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू ने राहत सामग्रियों का वितरण प्रभावित परिवारों के आशियाने तक जाकर किया। बता दे कि महापौर एवं निगम आयुक्त ने दिन-रात बस्ती में ही डटे रहकर बस्ती को फिर से बसाने में अभूतपूर्व सहयोग किया। निगम प्रशासन की मेहनत रंग लाई और प्रभावित परिवारों का घरौंदा तैयार हो गया। 9 अप्रैल को ही घटना के बाद से महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जुटे रहे तथा दिन रात की अथक प्रयास के बाद आखिर कर सूर्या नगर की बस्ती फिर से तैयार हो गई है। निगम ने प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद करने के लिए बांस, बल्ली, टीन शेड, भोजन, पेयजल, बाल्टी एवं दैनिक क्रिया के लिए जरूरी सामग्रियों की त्वरित व्यवस्था की तथा तत्कालिक रूप से राहत शिविर बनाया। आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज फिर से बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया। महापौर एवं आयुक्त ने बस्ती में एक-एक परिवार से मिलकर उनकी जरूरतों के मुताबिक सहायता की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे निरंतर गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के लिए उनके निर्देश पर सर्वे का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा प्रमुख रूप से जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह उर्फ जालंधर, एमआईसी मेंबर एवं लोक कर्म विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर, राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी, पार्षद इंजीनियर सलमान, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जोन आयुक्त येशा लहरें आदि का प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए विशेष सहयोग रहा। प्रभावित परिवारों के घर संचालन के लिए जरूरी सामग्री की पूरी किट का किया गया वितरण सूर्या नगर बस्ती फिर से बसने के बाद विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सभी प्रभावित परिवारों को उनके घर के संचालन के लिए सभी जरूरी सामग्रियों के किट का वितरण किया। मुख्य रूप से एक किट में गद्दा, तकिया, बेडशीट, तकिया कवर, पंखा, गैस चूल्हा, थाली, लोटा, गिलास, कटोरी, मग्गा, शर्ट, लोअर, टूथ ब्रश टूथपेस्ट, नहाने और कपड़े धोने दोनों का साबुन, तेल, साड़ी, इनरवियर, चम्मच, तवा, गंजी, बेलना, चौकी, चिमटा, गुंडी, कुकर, बड़ा कटोरा, महिलाओं और पुरुषों के लिए सभी प्रकार के अलग-अलग पूरे कपड़े एवं राशन सामग्री की पूरी किट जिसमें चावल, दाल, आटा, विभिन्न प्रकार के मसाले, नमक, हल्दी, धनिया, मिर्ची, आदि का वितरण महापौर नीरज पाल ने किया।

संपत्तिकर जमा करने के लिए अंतिम 2 दिन शेष

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। संपत्तिकर जमा करने वाले करदाता 15 अप्रैल तक अवकाश के दिन भी टैक्स जमा कर सकते हैं। मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय के काउंटर 15 अप्रैल तक खुले रहेंगे। वित्तीय वर्ष 2021-22 के करदाताओं के लिए टैक्स जमा करने की तिथि 15 अप्रैल बढ़ाई गई है। इस अवधि में संपत्तिकर जमा करने में अतिरिक्त अधिभार देने की आवश्यकता नहीं होगी। इस निर्णय से करदाताओं को काफी राहत मिलेगी। संपत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि पूर्व में 31 मार्च निर्धारित थी, जिसे शासन ने 15 अप्रैल तक के लिए बढ़ाया है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर संपत्तिकर वसूली में तेजी लाने का काम अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा था, पूरे माह भर संपत्तिकर जमा करने के लिए टैक्स कलेक्शन काउंटर खुले रहे। मुनादी एवं अन्य माध्यमों से टैक्स जमा करने लोगों से अपील की गई, वही कुर्की दल का गठन कर कुर्की वसूली की कार्यवाही की गई। नतीजन टैक्स की वसूली में खासी वृद्धि हुई है। वही करदाताओं को भी टैक्स जमा करने के लिए सुविधा मिली है। आगे 2 दिन भी टैक्स कलेक्शन काउंटर अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत टैक्स वसूली के निर्देश दिए हुए हैं। टैक्स वसूली पूर्ण करने को लेकर निगम आयुक्त लगातार अधिकारियों को निर्देशित करते रहे है। महापौर के फैसले से इस वित्तीय वर्ष में टैक्स नहीं बढ़ाया गया है जिससे संपत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए काफी राहत मिलेगी। 15 अप्रैल के बाद टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को देना होगा 18 प्रतिशत अधिभार वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 15 अप्रैल की अंतिम तारीख तक टैक्स जमा करने वालों को अधिभार नहीं देना होगा। परंतु इसके बाद टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को 18% अधिभार और शास्ती शुल्क देना होगा। करदाता सही समय पर टैक्स जमा कर ले तो अधिभार से बच सकते हैं। ऑनलाइन जमा कर सकते हैं टैक्स टैक्स जमा करने वाले करदाता ऑनलाइन पेमेंट को क्लिक करके भिलाई मुंसिपल कारपोरेशन का चयन करने के उपरांत वार्ड एवं अपना आईडी नंबर डालकर डेबिट क्रेडिट एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट जमा कर सकते हैं। इस वेबसाइट पर टैक्स की वर्षवार जानकारी भी देख सकते हैं। ऑनलाइन में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 18001216505 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

बीएसपी फायर ब्रिगेड के अग्निवीरों ने जान पर खेलकर बचायी जान

बीएसपी के दमकल कर्मियों ने साहस और कौशल का किया अदम्य प्रदर्शन

नव प्रदेश संवाददता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग के शौर्य और वीरता का एक लम्बा इतिहास रहा है। अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप इन्होंने भीषण अग्नि-दुर्घटनाओं में आग बुझाने व जान बचाने के कौशल का बखूबी प्रदर्शन किया है। अत्याधुनिक दमकलों तथा अग्निशमन उपकरणों से युक्त बीएसपी की फायर ब्रिगेड टीम ने सदैव ही इस क्षेत्र में आग से लोगों की जान-माल की सुरक्षा की है। यह भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लिये एक जीवनदायिनी विभाग बन चुका है। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में हाल ही में हुए कई भीषण अग्नि दुर्घटना जैसे कि उत्कल हाइड्रोकार्बन फायर, शीला होटल फायर, सूर्य सॉप फैक्ट्री फायर मे भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग ने अपनी सर्वोत्तम सेवा प्रदान की है। भिलाई के अग्निवीरों ने अपने इस शौर्य को 9 अप्रैल 2022 को पावर हाउस के फल मंडी में लगे आग के दौरान पुनः प्रदर्शित किया है। इसी कड़ी मे बीते शनिवार दिनांक 9 अप्रैल 2022 को शाम 3 बजकर 52 मिनट पर पुलिस कंट्रोल रूम से भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग को जैसे ही यह सूचना मिली कि पावर हाउस के फल मंडी में आग लगी है, वहां से दो दमकलों को तुरंत ही रवाना किया गया। संयंत्र के विभिन्न कार्यो में व्यस्त होने बावजूद घटना की गंभीरता को देखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग से एक और दमकल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। तीनों दमकल अत्याधुनिक उपकरणों एवं साधारण तथा उच्च दबाव के पंपों से लैस हैं। इसमें से दो वाटर बाउजर तथा एक कंबाइंड टेंडर है। प्रत्येक गाड़ी में 10,000 लीटर पानी और 1,000 लीटर फायर फाइटिंग फोम की क्षमता है।

गौठान दिवस पर बनाये गये गौठानों के रिपोर्ट कार्ड पर गहन समीक्षा का दौर आरंभ

दुर्ग। 7 और 8 अप्रैल को गौठान पहुंच दिवस के दिन सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने गौठानों का निरीक्षण करने और यहां चल रहे सर्वोत्तम नवाचार देखने, खूबियों और खामियों को इंगित करने कहा गया था। आज दुर्ग जनपद से गौठानों के रिपोर्ट कार्ड पर समीक्षा आरंभ हुई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि गांवों में महात्मा गांधी के सुराजी गांवों के माडल के अनुरूप कार्य हो। गांव आत्मनिर्भर बनें। इसकी शुरूआत गौठान से होगी। गौठान पहुंच दिवस के आयोजन का मकसद यह था कि गौठान के संचालन की समग्र स्थिति प्रशासन के नजर में पूरी तरह आये। हर गौठान में होने वाली गतिविधियों, खूबियों, खामियों का डिटेल हो ताकि इन्हें और बेहतर करने की कार्रवाई की जा सके।

कुम्हारी में विश्व स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम अपने पूरे शबाब पर

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है जिसमे लोगों को स्वस्थ रहने, अपने आस पास स्वच्छता बनाये रखना, कोविड-19 से बचाव, घरों से निकलने वाले गंदे जल का प्रबंधन व ट्रीटमेंट कर फिर से उपयोग व सेप्टिक टैंक का उचित निर्माण व मल निपटान व मल के साथ जल का भी ट्रीटमेंट प्लांट मे ट्रीट कर जल का दोबारा उपयोग किया जाना आदि विभिन्न कार्यक्रम यूनिसेफ व समर्थन के सहयोग से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा, उपाध्यक्ष के.रवि कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । रथ पूरे नगर पालिका कुम्हारी के सभी वार्ड व मोहल्लों में जाकर उन्हे स्वास्थ्य व सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी।

विश्व स्वास्थ्य पखवाड़ा के जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिका कुम्हारी, यूनिसेफ व समर्थन सेंटर फॉर डेवेलपमेंट सपोर्ट द्वारा सभाकक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी मे सफाई मित्रो को कोविड-19 से बचाव, अपने आस पास स्वछता रखने तथा लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम में सफाई मित्र नपा कुम्हारी तथा नपा अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के. रवि कुमार व स्वच्छता निरीक्षक अनिल कुमार झा व दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे सफाई मित्रों को सुरक्षा किट भी वितरित किया गया।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 115 //अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदिका श्रीमती अंजली जैन पति स्व. ललित जै निवासी पचरीपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 45 डी प्लाट नं. 23/2 रकबा 128.176 वर्गमीटर भूमि धारक सम्पतराज जैन आ. जोगीदास जैन नि.च मालवीय नगर दुर्ग का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 17/10/2016 को एवं उनकी पत्नि जतनबाई की मृत्यु दिनांक 20/7/2007 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र ललित मुकेश कुमार, पुत्री ललिता, हेमलता, दिव्या है। जिसमें से मुकेश कुमार की अविवारित अवस्था में दिनांक 10/4/2010 को एवं ललित की मृत्यु दिनांक 10/10/2018 को हो चुकी है। मृतक ललित के वारिसान उनकी पत्नी अंजली जैन, पुत्र गौरव, भावेश है। उसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 18/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20220410100069/20220410100069
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - राम आशीष प्रसाद / अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम आशीष प्रसाद पिता/स्व. ईश्वर दयाल सोनी पता भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 8066/13 रकबा 0.028 हे./ है जो उसके पिता ईश्वर दयाल पिता महेश राम सोनी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी ईश्वर दयाल पिता महेश राम सोनी की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक अपने मृत्यु पूर्व आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया था भूमिस्वामी के मृत्यु हो जाने के कारण वसीयत नामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 26/4/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/4/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार
भिलाई (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20220410100070/20220410100070
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - कृष्णा प्रसाद / अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा प्रसाद पिता/स्व. ईश्वर दयाल सोनी पता भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 8066/13 रकबा 0.028 हे./ है जो उसके पिता ईश्वर दयाल पिता महेश राम सोनी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी ईश्वर दयाल पिता महेश राम सोनी की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक अपने मृत्यु पूर्व आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया था भूमिस्वामी के मृत्यु हो जाने के कारण वसीयत नामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 26/4/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/4/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार
भिलाई (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 58 //अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक पंकज कुमार चक्रवर्ती पिता/पति स्व.एस.के. चक्रवर्ती निवासी आदमी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित ख.नं.1/2, 2/2 का टुकड़ा भूखण्ड नं. एमआईजी 2/357 क्षेत्रफल .... वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता/पति स्व. एस.के.चक्रवर्ती को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 23/12/1989 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 27/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 54 //अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक आनंद कुमार डहाके पिता/पति स्व. जे.पी.डहाके निवासी आदमी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित ख.नं.1/2, 2/2 का टुकड़ा भूखण्ड नं. एमआईजी 929 क्षेत्रफल ... वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता/पति स्व.जे.पी.डहाके को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 07/10/2018 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 25/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कुमारी पति परदेशी निवासी ग्राम डुन्डेरा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुन्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1292/33 रकबा 0.0169 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28/4/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदिका चैतराम आ. राम प्रसाद पटेल निवासी मचान्दुर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम .... तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक ...... में दर्ज भूमि खसरा नं. 410/1, 540, 625, 640/2 कुल ख. नं. 4 रकबा 0.2000, 0.7300, 0.7500, 0.4200 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका चैतराम अन्य के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 22/4/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 8/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश साहू पिता स्व. पुनउराम साहू उम्र 32 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम हनोदा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता पुनउराम साहू पिता ननकू साहू के नाम से भूमि राजस्व अभिलेख में खसरा नं. 887/1, 887/3 रकबा क्रमशः 0.1800, 0.1800 हे. दर्ज है। आवेदक के पिता पुनऊराम साहू की दिनांक 17/7/2008 को मृत्यु हो चुका है। जिसके विधिक वारिसान में कानन कौशल साहू पुत्र ओम प्रकाश साहू पुत्र है कोई विधिक वारिसान नहीं है। उपरोक्त राजस्व रिकार्ड में पारित आवेदक दिनांक 16/12/2021 में पुनऊराम साहू की विधिक वारिसान कानन कौशल साहू है जिसे आदेश में उनकी नाम त्रुटिवश कान्द कौशल साहू दर्ज कर दिया है जो कि त्रुटिपूर्ण है उपरोक्त आदेश में पुत्र कानन कौशल साहू सुधार किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 28/4/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्री बलविंदर सिंह	रजिस्ट्रेशन नं. 20220410040123

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बलविंदर सिंह आ. स्व. गुरूवचन सिंह निवासी मुरूम खदान कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	8760/1	0.020 हें 2500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/4/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- //अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक ए.प्रेम.किरण पिता स्व. ए.रामा योगी निवासी आदमी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित ख.नं.1/2, 2/2 का टुकड़ा भूखण्ड नं. एमआईजी 1/1020 क्षेत्रफल .... वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता स्व. ए. रामायोगी को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 29/7/2020 हो हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 22/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 7/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 138 //अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक अनेन्द्र सिंह चौहान आ. लाल बहादुर सिंह चौहान निवासी राधिका नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 71 बी प्लाट नं. 16/4 रकबा 255 वर्गमीटर भूमि धारक श्रीमती मीना सिंह पति श्री मनोज सिंह नि. दीपक नगर दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त नजूल भूखण्ड यूको बैंक बी.आई.टी शाखा दुर्ग में बंधक था, जिसे नीलामी में आवेदक द्वारा दिनांक 7/8/21 को क्रय किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखण्ड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 25/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरला यादव पिता/पति रामकिसुन यादव निवासी सिरसाखुर्द तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पिता के नाम पर ग्राम सिरसाखुर्द प.ह.नं. 8 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 306/6 रकबा 0.08 हे. भूमि एकल खाता में दर्ज है। खातेदार रामकिसुन की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/4/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 1/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 20220410040078

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका खुशबू त्रिवेदी पति विवेक कुमार त्रिवेदी निवासी आमदी नगर हुड़को भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/81 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 6/4/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

यह कि मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी एल.आई.सी.हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा चौहान एस्टेट भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करतीं हूं कि मेरे पक्षकार मौसम शर्मा आ. स्व. शरद कुमार शर्मा निवासी संतरा बाड़ी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा दिए गए अधिकार उपरान्त विक्रेता 1. श्रीमती अनुपमा खरे पति स्व. हरीश खरे खुद पालक माता ना.बा. आदित्य कुमार खरे उम्र 13 वर्ष आ. स्व. हरीश खरे 2. हर्ष कुमार खरे आ. स्व. हरीश कुमार खेर निवासी मकान नं. 267 पोलसायपारा श्याम नगर वार्ड नं 27 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) क्रेता 1. श्रीमती दीप्ति जयसवाल पति श्री मनुराज जयसवाल 2. मनुराम जयसवाल आ. श्री गोपेशवर जयसवाल निवासी विद्युत नगर जैन कालोनी पोटियाकला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) जमीन वाके मौजा पोटियाकला प.ह.नं. 55 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग खसरा नं. 174/38 का भाग रकबा 0.009 हेक्टेयर अर्थात 1000 वर्गफीट रजिस्ट्री दिनांक 13/7/2017 ग्रंथ नं. 33569, पृष्ठ नं. 122.142 तक दस्तावेज नं. 1903 का रजिस्ट्री कहीं गुम गया है, उक्त मूल रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरूपयोग ना करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है, अतएव आम जनता को उक्त प्लाट/भूमि के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्वः स्वामित्व रकता हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगी।

भवदीय
जयराम भागवानी

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- //अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक रामा दमडु मशारकर आ. स्व. दमडु मशाकर निवासी आदमी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित ख.नं.1/2, 2/2 का टुकड़ा भूखण्ड नं. एमआईजी 1/246 क्षेत्रफल .... वर्गमीटर भूमि रामा दमडु मशारकर को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। जिस पर आवेदक काबिज है किन्तु पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 22/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 56 //अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक रेजी जोसफ पिता/पति स्व.टी.जी.जोसफ निवासी आदमी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित ख.नं.1/2, 2/2 का टुकड़ा भूखण्ड नं. एमआईजी 2/408 क्षेत्रफल 192.00 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता/पति स्व.टी.जी.जोसफ को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 15/3/2003 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 25/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

सामान्य सभा की बैठक 21 को

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत कबीरधाम के समान्य सभा एवं सामान्य प्रशासनस्थायी समिति की बैठक 21 अप्रैल को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया है। समान्य सभा एवं प्रशासन स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। समान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक दोपहर 1 बजे से और सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा।

कल तक किसानों से होगी गन्ना खरीदी

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के महाप्रबंधक ने जिले के गन्ना उत्पादक किसानों को मीडिया एडवायजरी जारी कर बताया है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में गन्ना खरीदी का अंतिम 15 अप्रैल तक ही निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कारखाना में गन्ना खरीदी के लिए संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दिया गया है। कार्यक्षेत्र के ऐसे गन्ना उत्पादक कृषकगण जिन्हें किन्ही कारणों से गन्ना आपूर्ति पर्ची का प्रदाय नहीं हुआ हो, वे तत्काल भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा के गन्ना विभाग, अपने क्षेत्र सहायक से सम्पर्क कर गंन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त कर सकते है। जिन गन्ना उत्पादक कृषकों ने अपना शेष गन्ने को जूस, बीज हेतु एवं गुड़ निर्माण हेतु सुरक्षित रखा है तथा शक्कर कारखाना कवर्धा में पेराई हेतु विक्रय नही करना चाहते ऐसे कृषकगण कारखाने के गन्ना विभाग को लिखित रूप से सूचित कर सकते है। उन्होंने जिले के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि कृषक अपना शेष गन्ना 15 अप्रैल तक कारखाना परिसर में पहुंचाना होगा। निर्धारित तिथि तक गन्ना, शक्कर कारखाना को उपलब्ध नहीं करने पर शक्कर कारखाना कवर्धा किसी भी क्षतिपूर्ति, दावा के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगा।

महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर निकाली गयी प्रभावना रैली

भाटापारा/नवप्रदेश। महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार की शाम 5 बजे महावीर स्वामी के जयघोष के साथ एक शाम महावीर के नाम पर श्री दिगम्बर जैन परवार पंचायती मंदिर से सकल जैन समाज द्वारा बाईक से प्रभावना रैली निकाली गयी। जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। प्रभावना रैली गोविंद चौक, कांग्रेस भवन, जय स्तंभ चौक, रामसप्ताह चौक , सदर बाजार प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री दिगम्बर जैन मंदिर जी मे जाकर संपन्न हुई। तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी भक्तिमय आरती की गई। प्रभावना रैली व आरती में सकल जैन समाज के सभी वर्ग शामिल हुए। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के अध्यक्ष पीयूष जैन ने दी।

महावीर जयंती पर आज मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आज नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुए 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है।

दो सीएम को छग आने का दिया न्यौता

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर के जनसेवक शिवम तिवारी ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान की धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात कर बेमेतरा छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया।

पिता की मौत पर बेटी ने दी मुखाग्नि, समाज की सोच बदलने कंधा देकर मुक्तिधाम तक पहुंची

बालोद/नवप्रदेश। आज बेटी और महिलाओं के प्रति सामाजिक नजरिया बदलने लगा है। पहले जो उन पर पाबंदियां या भ्रांतियां थी वह पहले की अपेक्षा दूर हो चुकी है। और इसके उदाहरण कई जगह देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक मामला बालोद जिले के ग्राम पंचायत भीमकन्हार में सामने आया। जहां पर अपने पिता की मौत पर उनकी बेटियां द्वारा पिता का अंतिम संस्कार किया गया। गांव के पंचायत में ही पदस्थ रोजगार सहायक नीलम बाई ने अपने पिता का अंतिम क्रियाकर्म किया। उनके पिता बनवाली राम ठाकुर का बुधवार को बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। उनकी 4 बेटियां हैं। जिनमें पीलेश, उर्मिला बाई, नीलम बाई, लुमेश्वरी बाई शामिल है। नीलम गांव में ही रहती है। सो नीलम ने अपने पिता का अंतिम संस्कार स्वयं करने की सोची। ग्रामीणों ने भी उनका साथ दिया। सरपंच पोषण साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने रोजगार सहायिका नीलम के इस हौसले को प्रोत्साहित किया। घर से नीलम गांव के अन्य लोगों के साथ अपने पिता के शव को कंधा देकर मुक्तिधाम जाने के लिए निकली और फिर वहां सभी विधि विधान के साथ पिता के शव को मुखाग्नि दी गई। आत्मा की शांति के लिए संपूर्ण कार्यक्रम 15 अप्रैल को रखा गया है। सरपंच पोषण साहू ने कहा कि आमतौर पर लोगों की धारणा होती है कि हमारे अगर बेटे नहीं होंगे तो बुढ़ापे में सहारा कौन बनेगा। लेकिन यहां बेटियां ही बाप का सहारा थी और जब पिता नहीं रहे तो बेटियों ने खुद आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। जो समाज के लिए भी एक बदलाव का संदेश है।

विधायक ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें सर्वप्रथम नगर में प्रारंभ होने वाले हिंदी माध्यम स्वामी आत्मानंद स्मृति स्कूल का निरीक्षण किया तथा आरईएस विभाग के अधिकारियों को कार्यो में तेजी लाने को कहा। विधायक ने नगर की सेवा में राज्य शासन से प्राप्त अग्निशामक बस को नगर को समर्पित किया। इस दौरान कलेक्टर विलासराव संदीपान भी उपस्थित थे। विधायक ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी सी मार्ट का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक ने पुराने जनपद कार्यालय भवन में बनने वाले जनपद कॉम्पलेक्स भवन, नगर सौंदर्यीकरण हेतु बन रहे भारत माता चौक एवं भक्त माता कर्मा चौक, सिंघौरी से कतेली से बीच बनने वाली आंतरिक मार्ग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंगत साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद बेमेतरा, मनोज शर्मा सभापति, होरिसिंह ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा, निर्मल सिंह कार्यपालन अभियंता बेमेतरा पीडब्ल्यूडी सहित अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत रणवीरपुर में गौठान का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल द्वारा जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत रणवीरपुर में गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह को वर्मी खाद की अच्छी तरह छनाई कर साफ -सुथरा वर्मी पैकेजिंग कर छायादार जगह में सुरक्षित रखने एवं चारागाह में नेपियर घास लगाने के लिए कहा गया। उन्होंने परम्परागत गौठान का भी निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने ग्रामवासी एवं महिला स्व-सहायता समूह की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वहाँ भी वर्मी टेंक, पानी एवं मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। सीईओ ने बहु-उपयोगिता केन्द्र रणवीरपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद जैसे पापड़, ब्रेड, दोना-पत्तल का अवलोकन कर तत्तसंबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समूह की आय में वृद्धि के लिए उपस्थित महिला स्व-सहायता समूह के 100 सदस्यों को सिलाई-कड़ाई प्रशिक्षण उपरांत गार्मेन्टस व्यवसाय से जोड़ने का पहल किया गया। उन्होंने सब्जी उत्पादन, दाल-मील, ऑइल मील मशीन स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। उद्यान विभाग को उक्त परिसर के खाली जगह में सब्जी-बाड़ी विकास के लिए निर्देशित किया गया। विदित हो कि ग्राम रणवीरपुर में बिहान योजना अंतर्गत 40 स्व-सहायता समूह गठित है, जिसमें से 33 महिला स्व-सहायता समूह सक्रिय है।

वन विभाग ने जिले के 15 स्थानों में खुलवाया प्याऊ घर

कवर्धा/नवप्रदेश। वन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के मंशानुसार वनमण्डलाधिकारी चूड़ामणि सिंह के मार्गदर्शन में भोरम अभ्यारण के आसपास तथा वनांचल सहित पर्यटन स्थलों में 15 जगहों पर राहगीरां के लिए प्याऊ घर खोला गया है। डीएफओ ने बताया कि गर्मी से राहगीरों को निजात दिलाने भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत जामुनपानी बैरियर, बांदाघाट, मां बंजारी, बांदा बैरियर एवं सरोदा जलाशय के पास, लोहारा वन परीक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोतिमपुर, बानो, बसिंनझोरी, कवर्धा वन परीक्षेत्र अंतर्गत रायपुर रोड़, डिवीजन आफिस, बोड़ला वनोपज जांच नाका, तरेगांव वन परीक्षेत्र अंतर्गत पांडातराई, तरेगांव बाजार क्षेत्र, रेंगखार वन परीक्षेत्र अंतर्गत रेंगखार वन परिक्षेत्र ऑफि स के सामने और खारा वनोपज जांच नाका में वन विभाग द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। जिसमें रास्ते से गुजरने वाले आमजनों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा मटके का शुद्ध ठंडा पानी पिलाया जाएगा। डीएफओ के संदेश को कर्मचारियों ने समस्त आम जनों को बताया कि अपने-अपने घरों के सामने बाल्टी/बड़े डब्बे में जानवरों के लिए पानी रखने तथा पेड़ों में छोटे डिब्बे में पानी भरकर पक्षियों के लिए लगाने कहा गया। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि वन विभाग प्याऊ घर में प्रतिदिन आम जनों एवं सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के लिए मटके का शुद्ध जल की व्यवस्था की गई है। वआगामी सभी जांच केंद्र एवं आवस्यकता वाले स्थान में प्याऊ घर खोला जाएगा।

लोगों की आस्था एवं विश्वास का केंद्र हैं ठाकुर देवता मंदिर : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रांका में आयोजित ठाकुर देवता मंदिर स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। विधायक ने कहा कि गांव बनाने की परंपरा बहुत पुरानी है, जिसे आज भी ग्रामीणों द्वारा ग्राम के आराध्य ठाकुर देव सहित ग्राम के अन्य देवी देवताओं का आह्वान कर गांव बनाने की परंपरा का निर्वहन किया जाता है, जिस तरह गांव चलाने की पूरी ज़िम्मेदारी गांव के बुजुर्गो पर रहती है, कुछ भी कार्यक्रम मुखिया को बिना पूछे नहीं करते हैं, मतलब सार्वजनिक काम हो तो पूरी जिम्मेदारी एवं मार्गदर्शक के रुप में बड़ों की भूमिका रहती है, उसी तरह से गांव में ठाकुर देवता हैं। देवता ग्राम के सब देवता में से बड़े माने जाते हैं, जिस प्रकार खरीफ फसल की बोआई के पहले अक्षय तृतीया पर किसानों द्वारा ठाकुर देव में दोना में धान भरकर बैगा के पूजा पाठ के बाद दोना से भरे धान को अपने खेतों में जाकर छिड़कते हैं, इसी प्रकार फ सल कटाई व मिंजाई के बाद सभी किसान अपने-अपने घरों से धान का एक-एक बीड़ा ठाकुर देव में चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर धन धान्य से भरपूर रहने की कामना करते हैं। ठाकुर देव में चढ़े इस धान बीड़ा को बैगा अपने सेवा के रूप उसे रखता हैं।

निर्विरोध लगातार 6वें बार अध्यक्ष बने संतोष सिंह चंदेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह त्रैवार्षिक निर्वाचन 2022 उपसमिति बेरला में सर्वसहमति से 17 पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। जिसमें अध्यक्ष संतोष सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह, कोषाध्यक्ष भागवत सिंह, सचिव यशपाल सिंह, केंद्रीय निर्णायक सदस्य विजय सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी रघुवीर सिंह, उपसचिव बृजेश सिंह, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रभान सिंह, संजय सिंह, लखन सिंह भुवाल, ऋषि सिंह, राजकुमार सिंह, मकसूदन सिंह, महिला अध्यक्ष श्रीमती कृति सिंह, महिला सचिव ज्योति राजपूत, युवा अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ठेंगभाठ, युवा सचिव प्रवीण सिंह बने। संतोष सिंह चंदेल ने बताया कि हम बेरला उपसमिति परस्पर आपस मे बैठकर सर्वसहमति से निर्णय लेते हैं। हम सब का एक ही ध्येय समाज प्रगति करे समाज के लोग आगे बढ़े हर एक क्षेत्र राजपूत समाज का नाम रोशन करे आगामी कार्यक्रम केंद्रीय महासभा 29 व 30 अप्रैल को होना है वहाँ से जो भी आगे कार्य की रूपरेखा होगा सब मिलकर करेंगे।

बाबा गुरुघासीदास की स्मृति में चौक तथा सांस्कृतिक भवन बनेगा नगर में

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर में संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास स्मृति में नगर में चौक चौराहा का निर्माण किया जाएगा। जिसकी लागत 20 लाख होगी, साथ ही सांस्कृतिक भवन निर्माण की स्वीकृति भी राज्य शासन द्वारा दी गई है जिसकी लागत 25 लाख रुपए होगी। संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास के प्रति अपनी व्यक्तिगत आस्था एवं बेमेतरा क्षेत्र में सतनाम पंथ को मानने वाले लाखों समर्थको की भावना से विधायक आशीष छाबड़ा ने नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया को अवगत कराया तथा इस मांग को शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने के लिए निवेदन किया था। इससे पूर्व विधायक की मांग पर सतनाम पंथ पूज्य बाबा अमरदास की स्थिति चेटुवा पूरी धाम हेतु पूल निर्माण एवं सड़क निर्माण की स्वीकृति भी की गई है। विधायक अपने निर्वाचन के कार्य से ही सभी समाज के साथ लेकर चल रहे है तथा सामाजिक कार्यो में बढ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, धार्मिक कार्यो में विधायक की सक्रियता का फायदा क्षेत्र के लोगो को निरंतर मिल रहा है।

करूणा अभियान के तहत वृद्ध महिला को उसके पैसे वापस मिले

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस गौतम भादुड़ी के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में ''करूणा अभियान'' का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को सहायता प्रदान करना है। इस अभियान में घर से परित्यक्त वृद्धजनों को पुनः अपनाने के लिए उनके घरवालों को समझाईश दी जाती है। समझाईश के बाद यदि आवश्यक हो तो भरण पोषण का प्रकरण न्यायालय में पेश किया जाता है। जिला न्यायाधीश नीता यादव द्वारा वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान एक वृद्धजन श्रीमती पांचो बाई देवांगन द्वारा अपनी व्यथा बताई कि उसके घरवाले उसे नहीं रख रहे है, साथ ही उसके समाजवाले उसके एक लाख से अधिक रूपयों को रख लिए है और दे नहीं रहे है। नीता यादव द्वारा तत्काल कार्यवाही के लिए अमित प्रताप चन्द्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया। सचिव द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए पीएल व्हीगण योगेन्द्र सिंह गहरवार एवं श्री हरिराम यादव के माध्यम से महिला के समाज के लोगों से चर्चा की गई। समाज के लोग प्राधिकरण के कार्यालय में आकर सचिव से मुलाकात किए तथा यह स्पष्ट किए कि महिला के परिवार वाले उसे साथ रखने को तैयार नहीं है। महिला ने स्वयं अपने रूपए सुरक्षार्थ समाज वालों को दिए है। महिला की वर्तमान मानसिक स्थिति को देखते हुए समाज के लोगों को पैसा वापसी करने की समझाईश दिए जाने पर वे तत्काल इसके लिए तैयार हो गए। महिला वर्तमान में वृद्धाश्रम में है जहां सचिव, पी.एल.व्हीगण और समाज के लोगों द्वारा जाकर महिला को उसके पैसे वापस किए गए। महिला पैसा पाकर अत्यधिक प्रसन्न हुई और खुशी से नाचने लगी। वृद्धाश्रम के संचालन निशांत यादव द्वारा उक्त महिला के निर्देशानुसार उक्त रूपयों की उचित व्यवस्था बनाने का अश्वासन दिया।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-1051 1. श्री राजपाल बघेल पिता स्व. श्री जी.एस. बघेल, 2. श्री भाऊराव निरापुरे पिता स्व. श्री के.वाय.जी निरापुरे 3. श्री मानिक राव निरापुरे पिता स्व. श्री के.वाय.जी. निरापुरे के संयुक्त नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 29.03.2012 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में मूल आबंटी क्र. 1. श्री राजपाल बघेल पिता स्व. श्री जी.एस. बघेल निवासी शासकीय आवास 62, जूनियर एमआईजी कबीर नगर रायपुर (छ.ग.) 2. श्री भाऊराव निरापुरे पिता स्व.श्री के.वाय.जी. निरापुरे निवासी प्लाट नं. 13, मितान विहार दलदल सिवनी रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को सहआबंटी क्र. 3. श्री मानिक राव निरापुरे पिता स्व. श्री के.वाय.जी. निरापुरे निवासी प्लाट ए 13 मितान विहार दलदल सिवनी रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में हकत्याग करना चाहते हैं। हकत्याग अनुमति हेतु आवेदन पत्र, लीजडीड विलेख की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को सहआबंटी श्री मानिक राव निरापुरे पिता स्व. के.वाय.जी. निरापुरे निवासी प्लाट ए 13, मितान विहार दलदल सिवनी रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में हकत्याग हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के हकत्याग करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एमआईजी फ्लैट चित्रकुट परिसर भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से MIG Flat 3/504 Fifth Floor में श्रीमती प्रतिभा सतीष सर्वटे पति श्री सतीष वामन सर्वटे को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 19/8/14 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त भवन को दान करने हेतु दिनांक 4/4/2012 को निष्पादित दान इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन 1. सुधीर वामन सर्वटे 2. निशा सुधीर सर्वटे पिता श्री वामन राव सर्वटे 1. सुधीर वामन सर्वटे के नाम से दान करने के लिए दान अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के दान के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 402/21-22
वार्ड का नाम- गुरू गोविंद सिंह-29

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह-29 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 853/RPR370330E00139 अशोक विहार जो कि निगम अभिलेख में श्री अजय लूथरा पिता स्व. श्रीराम लूथरा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती स्वीटी लूथरा w/o अजय लूथरा रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
Emailid: durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

-:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/लो.नि.वि./2022-23 दिनांक 12/04/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर तथा निविदा दिनांक से संशोधित दर पर कम/ अधिक प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 19/4/222
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 26/4/22
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 4/05/2022
निविदा खोलने की तिथि :- 05/05/2022 सायं 4.00 बजे

क्र.	वार्ड क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (रु. लाख में)
1	55	पुलगांव नाका के पास STP मरम्मत / संधारण कार्य	4.50

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 401/21-22
वार्ड का नाम- मदर टेरेसा-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 81,82 भूखंड जलविहार कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती कावेरीबाई अग्रवाल w/o स्व. प्रहल्ला लाल अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री उत्तर कुमार चंद्रवंशी s/o स्व. लतेल सिंह चंद्रवंशी 2. श्रीमती मंजूला चंद्रवंशी w/o उत्तर कुमार चंद्रवंशी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)
फोन 07821-247029 Email-cmokumhari@gmail.com
क्र.797/ज.मृ.पं./न.पा./2022
कुम्हारी, दिनांक 22/3/22

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जन्म प्रमाण पत्र, पंजीयन क्रमांक 281 दिनांक 14.8.2012 के अनुसार नाम कु. पल्लवी यादव लिंग महिला पिता नन्दू यादव माता सुमित्रा यादव जन्मतिथि 05/08/2012 जन्म स्थान-कुम्हारी वार्ड क्र. 04 जिला दुर्ग (छ.ग.) जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। जिसे आवेदक द्वारा निम्नानुसार बदलकर नाम पल्लवी यादव लिंग महिला, पिता नन्दू यादव माता सुनीता यादव जन्मतिथि 05/8/2012 जन्मस्थान कुम्हारी वार्ड क्र. 04 जिला दुर्ग (छ.ग.) प्रस्तावित किया है। तत्संबंध में किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो साक्ष्य सहित 07 दिवस के भीतर कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी में कार्यालयीन तिथि व समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति में विचार नहीं किया जावेगा।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत डुमरतराई कालोनी रायपुर में स्थित ईडब्ल्यूएस-407 ब्लाक-01 फेस II चतुर्थ तल (1) श्री करण यदु पिता श्री त्रिलोचन यदु (2) श्री संतोष यादव पिता स्व. श्री आसू यादव के नाम से द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड दिनांक 11.07.2019 को पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 16.07.2019 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी (1) श्री करण यदु पिता श्री त्रिलोचन यदु (2) श्री संतोष यादव पिता स्व. श्री आसू यादव, निवासी कपूर होटल के पीछे, श्याम नगर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को श्रीमती सुधा गोपाल पति श्री यशवंत कुमार गोपाल निवासी-परिजात एक्सटेंशन 35, एस.एम.आई.जी. तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

एक्सिस बैंक लिमि.
AXIS BANK
असेट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स, नया बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर-492004
नियंत्रण कार्यालय: एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग कंपाउंड, पांडूरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400025

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम के नियम 8(6) के भाव निहित हैं, अचल व चल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

इस नोटिस के जरिए आम जनता व कर्जदारों/गारंटरों को खास तौर पर सूचित किया जाता है सुरक्षित लेनदार की ओर गिरवी/प्रभारित रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति का रचनात्मक व प्रतिकात्मक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अपने अधिपत्य में ले लिया है। और अब इसकी बिक्री 29.04.2022 को **'जैसा है जहां है'**, **'जो है जैसा है'** एवं **'जो भी है'** के आधार पर होगी, ताकि **1,85,03,242.08/- रुपए** के कर्ज की वसूली ब्याज, अधिभार व अन्य व्ययों के साथ की जा सके। यह राशि **एटीजीसी बायोटेक** की ओर से सुरक्षित लेनदार को देय है। यह राशि **31.12.2017** तक की स्थिति में बकाया है। संपत्ति आरक्षित मूल्य :- **1,08,20,526/- रू.** है। और इसके लिए जमा की जाने वाली अग्रिम राशि **1082052.6/- रू.** होगी।

खाता सं.	बिक्री के लिए निकाली गई कब्जा की गई गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का स्थान व ब्योरा (जो कुछ भी उचित हो)	बैंक को इस प्रापर्टी पर ऋणभार संबंधी कोई जानकारी
ऋण संख्या 914030001997508 916060035927624 एवं 916060035933331	श्री अमरदास पुरेना के नाम पर भूमि और निर्माण को डायवर्ट किया गया जिसका खसरा नंबर 1581/56 (ख.नं. 1581/2 के परिवर्तन के पहले) कुल एरिया 4352 वर्गफीट, मौजा-कुशालपुर, महामाया मंदिर वार्ड वार्ड नं. 62, प.ह.नं. 106/1, स्ट्रीट नंबर 7, सेक्टर-2 कदम चौक के पास प्रोफेसर कालोनी रायपुर तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.)- 492001 **सीमाएं :-** उत्तर में- अन्य की भूमि, दक्षिण में-रोड पूर्व में- अन्य की भूमि, पश्चिम में- हलधर राम पटेल की भूमि।	बैंक की जानकारी के मुताबिक संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है।

बिक्री संबंधी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करें सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट- https://www.axisbank.com/auction.notices

दिनांक : 14.04.2022
स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

खैरागढ़ विस उपचुनाव में महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, युवाओं सहित हर वर्ग के मतदाताओं ने किया मतदान

■ 77.88 प्रतिशत रहा मतदान, मतदान केन्द्रों में जनसामान्य के लिए की गई थी विशेष व्यवस्था

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ उप निर्वाचन के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। 77.88 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बने। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी अनंतिम आंकड़े के अनुसार 77.88 प्रतिशत नागरिकों ने मतदान किया। इनमें 78.92 प्रतिशत पुरूष एवं 77.74 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के लिए मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग एवं युवा मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनएसएस के बच्चे तो कही पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर तथा दिव्यांग रथ की व्यवस्था की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में चाक-चौबंद व्यवस्था की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा मतदान केन्द्रों में जाकर मानिटरिंग करते रहे तथा व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते रहे। मतदान केन्द्र 151 ए छुईखदान एवं 230 ए खैरागढ़ को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया, जहां मतदान दलों में संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों को महिला मतदाताओं से मतदान कराने हेतु ड्यूटी लगाई गई। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की। साथ ही 3 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान केन्द्र क्रमांक 75 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नया भवन कोपेभांठा (मध्य भाग), मतदान केन्द्र क्रमांक 158 शासकीय प्राथमिक शाला भवन लक्ष्मणपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 251 शासकीय हाई स्कूल कामठा आदर्श मतदान केन्द्र में संपूर्ण आवश्यक व्यवस्था की गई थी। 150 मतदान केन्द्र में वेब कास्टिंग की सुविधा दी गई, जिसकी मानिटरिंग भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की गई। इस दौरान यह देखा गया कि मतदान केन्द्रों में किसी तरह की अवांछनीय गतिविधियां न हो। ग्राम चोभर के धर्मेन्द्र यादव बारात आते ही शादी के जोड़े में मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र पहुंचे। मतदान जरूरी है, यह संदेश देकर अपने मतदान के कर्तव्य के प्रति उनकी जागरूकता सराहनीय रही। खैरागढ़ के 61 वर्षीय दिव्यांग गोपी रजक मतदान केन्द्र मतदान के लिए पहुंचे। जहां जवान ने उनकी मदद की। मतदान के प्रति दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की जागरूकता प्रेरक है।

शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने खैरागढ़ उप निर्वाचन शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर निर्वाचन कार्य में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने निर्वाचन में नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों, मतदान दलों के साथ-साथ सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे जवानों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। साथ ही विधानसभा खैरागढ़ के सभी नागरिकों व मतदाताओं के प्रति जिला प्रशासन व जिला निर्वाचन की ओर से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी ने लोकतंत्र की गरिमा को बनाये रखने की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग किया और शांतिपूर्ण मतदान कार्य में अपना योगदान दिया है।

खट्टीडीह में राशन वितरित करने की व्यवस्था करने विधायक से मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खट्टीडीह के ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर गांव में ही राशन सामान हितग्राहियों को वितरित कराए जाने ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव ने इस दिशा में जिला प्रशासन से चर्चा कर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। बुधवार को ग्राम गोपालपुर की सरपंच मोतिम सहदेव ध्रुव, चंद्रशेखर साहू, मानिक साहू, प्यारेलाल दीवान, गंगाराम साहू, नेंद्र दीवान, रैनसिंग दीवान आदि ग्रामीण संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत गोपालपुर में राशन दुकान संचालित है। जहां आश्रित ग्राम मुस्की और खट्टीडीह के ग्रामीण राशन सामान लेते हैं। गोपालपुर की दूरी खट्टीडीह से अधिक होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुजूर्ग हितग्राहियों को ज्यादा परेशानी होती है। जिस पर चंद्राकर ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया।

शशांक शेखर बने चंद्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज के अध्यक्ष

खरोरा/नवप्रदेश। चंद्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज परिक्षेत्र फरफौद का ग्राम फरफौद में सामाजिक चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमे शशांक शेखर चंद्राकर का चयन निर्विरोध रूप से कुर्मी समाज के सदस्यों द्वारा किया गया। परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों से समाज के सदस्य उपस्थित रहे जिसमें पूर्व अध्यक्ष गोविंद चंद्राकर न्याय कमेटी के सदस्य एवं राष्ट्रपति से सम्मानित पूर्व सरपंच फरफौद हिम्मत चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, बसंत चंद्राकर ग्राम बरछा रामकुमार चंद्राकर ग्राम अमेठी नरेश चंद्राकर ग्राम देवरी कमलेश चंद्राकर ग्राम अकोली केमल चंद्राकर ग्राम भोथली भरत चंद्राकर शत्रुहन चंद्राकर घनश्याम चंद्राकर वेदनाथ चंद्राकर भानू चंद्राकर प्रेमलाल चंद्राकर सुरेश चंद्राकर जगदीश चंद्राकर सविता चंद्राकर अरुण चंद्राकर ग्राम फरहदा एवं अन्य ग्रामों से आये सैंकड़ों समाजिक सदस्यों द्वारा शशांक शेखर चंद्राकर के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

अभ्युदय स्कूल में छात्रों का विशेष सभा का हुआ आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में छात्रों द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग पालियों में छात्रों द्वारा अनेकता में एकता के भाव को दर्शाया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुड फ्राइडे, हनुमान जयंती, डा.भीमराव अंबेडकर जयंती, महावीर जयंती और बैसाखी के तारतम्य में किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षकों ने सर्वधर्म समभाव पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक धर्म व जाति हमें मनुष्यता की सीख देती है और परस्पर सहयोग की भावना विकसित करती है। साथ ही प्रेम एवं सद्भाव का परिचय देती है। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक विविधता के परिपेक्ष्य में गीत, नाटक, प्रहसन एवं भाषण प्रस्तुत किए गए जो बहुत ही मार्मिक व हृदय स्पर्शी था। इसके साथ ही विद्यालय में अलग अलग संस्कृति के भिन्न भिन्न रूप मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे और अन्त में संस्था प्राचार्या व्ही शोभा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए शिक्षकों व छात्रों का आभार व्यक्त किया।

नौ कन्या भोज प्रसादी भंडारा प्रसाद में शामिल हुए जपं सदस्य

खरोरा/नवप्रदेश। आरंग विधानसभा के ग्राम चपरीद में मा सक्ति मंदिर में जोत जवारा विसर्जन के बाद नौ कन्या भोज व प्रसादी भंडारा कार्यक्रम में क्षेत्रीय जिला पंचायत प्रतिनिधि मोहन साहू व क्षेत्रीय जनपद सदस्य योगेंद्र याद साहू द्वारा नौ कन्या भोज प्रसाद वितरण किया गया साथ ही साथ रामनवमी का ग्रामवासी को बधाई व शुभकामनाएं दी। माता का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस बीच मंदिर में आए श्रद्धालुओं को पानी की दिक्कत होने पर क्षेत्रीय जिला पंचायत प्रतिनिधि मोहन साहू से पीने योग्य पानी की मांग करने पर जिला पंचायत प्रतिनिधि द्वारा 50 हजार का वाटर कूलर लगाने की घोषणा की जिससे ग्रामवासी व सक्ति मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्य गण धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

बीईओ ने एचएम के घर पहुंच एसग्रेशिया राशि सौंपी

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोनी के प्रधान पाठक संतोष कुमार सेन के आकस्मिक निधन के पश्चात उनके निवास पहुंचकर बीईओ केके यदु ने बुधवार को स्व संतोष सेन की धर्मपत्नी मनीषा सेन को एसग्रेशिया की राशि 50 हजार रुपए नकद प्रदान किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक राजेश शर्मा, टीकाराम साहू, जीतराम वर्मा प्रधान पाठक एवं सेन परिवार के सदस्य उपस्थित थे। बीईओ ने सेन परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि आगे की सभी कार्यवाही भी शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। विदित हो कि ग्राम कोनी में पदस्थ प्रधान पाठक संतोष सेन का 4 अप्रैल को निधन हो गया था।

जल आवर्धन योजना कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नपा अध्यक्ष

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने नगर पालिका कार्यालय के सामने निर्माणाधीन ओव्हर हैड टैंक व पाईप लाईन का निरीक्षण किया। पाइप लाईन टेस्टिंग कार्य व निर्धारित समय-समय में जल आवर्धन संबंधी समस्त कार्य पूर्ण करने उपअभियंता को निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने ओव्हरहैड टैंक के कार्यो के प्रगति की जानकारी ली व उप अभियंता विरेन्द्र नवघरे को निर्माण कार्य संबंधी दिशा-निर्देश दिए। ओव्हरहैण्ड टैंक का निर्माण पूर्ण हो चुका है अब टेस्टिंग कार्य समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि पाईप लाईन टेस्टिंग कार्य में विशेष रूप से सावधानी बरते तथा वार्डो में पाईप लाईन हेतु खोदे गये गड्ढे का रेनोवेशन कार्य भी पूर्ण करें व कार्य पूर्ण उपरांत ही अन्य वार्ड में कार्य लगाये ताकि आम नागरिकों को आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना न पड़े। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने सभी जगहों के जल आवर्धन योजनांतर्गत चल रहे कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। नपाध्यक्ष के साथ में एल्डरमैन कौशल कौशिक, राजकुमार तिवारी, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

36गढ़ में बिजली...

प्रस्तावित कुल 1004 करोड़ रुपए के घाटे की भरपाई की जाती तो टेरिफ में औसतन 5.39 प्रतिशत की वृद्धि करनी पड़ती। इसे घटाकर 386 करोड़ रुपए ही मान्य किया गया, ऐसे में बिजली की दरों में औसतन 2.31त्न की वृद्धि की गई है। बिजली की नई दरें एक अप्रैल 2022 से प्रभावी हो चुकी हैं। यानी अप्रैल महीने का बिजली बिल नये टेरिफ के हिसाब से आएगा।

थर्ड वर्ल्ड वॉर में ...

अत्याधुनिक हथियारों की खेप से यूक्रेनी सैनिक रूस को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ये घटनाक्रम क्रेमलिन के लिए चिंता और गुस्सा का कारण बनते जा रहे हैं।

डेलीमेल के मुताबिक, पिछले सप्ताह बेलारूस के दौरे पर पहुंचे पुतिन को एटमी ब्रीफकेस के साथ देखा गया। ये वही ब्रीफकेस है जिसमें न्यूक्लियर हमले से जुड़े दस्तावेज और अलर्ट अलार्म होता है। बेलारूस के तानाशाह लुकाशेंकों के साथ पुतिन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में पुतिन के साथ खड़ा शख्स हाथ में काले रंग का ब्रीफकेस लिए है, दावा किया जा रहा है कि यह एटमी ब्रीफकेस है।

क्या है रूस का एटमी ब्रीफकेस

अमेरिका के एटमी फुटबॉल की तरह रूस के पास एटमी ब्रीफकेस है। यह खास ब्रीफकेस रूस के राष्ट्रपति के पास ही रहता है। इस खास ब्रीफकेस में परमाणु हथियारों के कोड होते हैं। इसका इस्तेमाल सिर्फ रूस के राष्ट्रपति ही कर सकते हैं। रूस के रहने वाले और हथियारों के जानकार इगोर सजेगेन ने बीबीसी को बताया कि ये ब्रीफकेस हमेशा राष्ट्रपति के आसपास होता है। जब वो सोते हैं तब भी वो उनसे 10-20 मीटर के दायरे में रखा होता है। रूस पर किसी हमले की आशंका पर ब्रीफकेस का अलार्म एक्टिव हो जाता है और फ्लैशलाइट जलने लगती है। हालांकि इस तरह के दो ब्रीफकेस प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री के पास भी होते हैं लेकिन न्यूक्लियर अटैक का आदेश सिर्फ राष्ट्रपति ही देते हैं।

किम जोंग उन के...

हथियारों का परीक्षण शुरू कर सकता है। अमेरिकी नौसेना की कमांडर और जापान स्थित सातवें बेड़े की प्रवक्ता हायले सिम्स ने कहा, 'अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप जापानी नौसेना के साथ मिलकर जापान सागर में द्विपक्षीय अभियान को अंजाम दे रहा है।'

उत्तर कोरिया ने अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का परीक्षण किया

साल 2017 के बाद ऐसा पहली बार है जब अमेरिकी नौसेना ने दक्षिण कोरिया और जापान से सटे समुद्री इलाके में एक कैरियर स्ट्राइक ग्रुप तैनात किया गया है। इस बीच अमेरिकी अधिकारियों की चिंता इस बात से बढ़ गई है कि उत्तर कोरिया आने वाले समय में जमीन के नीचे परमाणु बमों का परीक्षण कर सकता है। सिम्स ने कहा कि यह एयरक्राफ्ट कैरियर सामान्य द्विपक्षीय अभियान को अंजाम दे रहा है और अपने सहयोगियों को हिंद- प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और मुक्त बनाए रखने की अमेरिकी प्रतिबद्धता से फिर से आश्वस्त कर रहा है।

गत 15 मार्च को पीला सागर में यूएसएस अब्राहम लिंकन के नेतृत्व में हो रहे सैन्य अभ्यास में अमेरिका के सबसे आधुनिक फाइटर जेट एफ-35 ने उड़ान भरी थी। अमेरिकी सेना ने कहा था कि यह उत्तर कोरिया के लगातार मिसाइलों के परीक्षण के खिलाफ उनकी जवाबी कार्रवाई का प्रदर्शन था। उत्तर कोरिया ने भी करीब 5 साल बाद पहली बार हाल ही में अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का परीक्षण किया था।

आकांक्षी जिलों को लेकर...

महत्व एवं ध्यान दिया जाना चाहिए ।उपरोक्त इंडीकेटरों को भी जोड़े जाने पर मुझे विश्वास है कि आकांक्षी जिलों के बहुमुखी विकास में किये जा रहे सभी प्रयासों पर भी ध्यान रहेगा और जिस आशा के साथ यह आकांक्षी जिलों की पृथक मॉनीटरिंग व्यवस्था शुरू की गई है वह भी सफल होगी।

ठेकेदार की मौत पर...

आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया गया है। संतोष पाटिल के भाई प्रशांत की शिकायत पर उडुपी में यह केस दर्ज किया गया है। बता दें कि ईश्वरप्पा पर संतोष पाटिल ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

मंगलवार को संतोष पाटिल उडुपी के एक लॉज में मृत पाए गए थे। संतोष पाटिल के भाई ने उनकी मौत के लिए मंत्री ईश्वरप्पा को जिम्मेदार ठहराया है। प्रशांत पाटिल ने कहा, 'मेरे भाई की मौत के जिम्मेदार ईश्वरप्पा हैं। उन्होंने संतोष से घूस की मांग की थी। इसके बाद उस पर मानहानि का केस दायर किया गया था। पाटिल को धमकियां भी दी गई थीं।' आरोप है कि आत्महत्या से पहले संतोष पाटिल ने अपने दोस्तों वॉट्सऐप मेसेज किया था कि वह अपनी जान देने जा रहा है और इसके लिए ईश्वरप्पा को जिम्मेदार ठहराया था। पत्नी से पिकनिक पर जाने की बात कह निकला था संतोष पाटिलपुलिस के मुताबिक संतोष पाटिल ने अपनी पत्नी से कहा था कि वह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा रहा है और 11 अप्रैल को निकला था। इसके बाद से ही उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। फिर उसका शव उडुपी के लॉज में पाया गया। उसके दो दोस्त भी उसी लॉज में ठहरे थे, लेकिन वे अलग कमरे में थे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

ई मेल पता- ee-res.Dantewada@nic.in

// संशोधन क्रमांक-1 //

क्रमांक/622/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2022, दन्तेवाड़ा, दिनांक 12/04/2022

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक-507/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/ 2022, दन्तेवाड़ा दिनांक 25.03.2022 के निविदा प्राप्ति एवं खोलने की तिथि 13.04.2022 को तिथि में आंशिक संशोधन किया जाता है अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

पूर्व निविदा तिथि	संशोधित निविदा तिथि
(01) निविदा प्राप्ति का दिनांक 12.03.2022 दोपहर 3.30 बजे	(01) निविदा प्राप्ति का दिनांक 19.04.2022 दोपहर 3.30 बजे
(02) निविदा खोलने का दिनांक 13.04.2022 दोपहर 3.30 बजे	(02) निविदा खोलने का दिनांक 20.04.2022 दोपहर 3.30 बजे

जी-90285/5

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.

Office of the Executive Director (Store & Purchase), Raipur Ph. No. Phone 0771-2574240/4236/ Website- www.cspc.co.in/csptcl

No. 02-16/SE (I & II)/ Ltd. TR No.186, 187, 188, 189 & 190/116 Dtd. 13.04.2022

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited from Experience **Registered suppliers of CSPTCL/CSPDCL** for supplying of following materials:-

S.No.	TR No.	Particulars	Qty.	EMDin Rs.	Due date
1	186 RFx No. 8100025191	Trolley Mounted oil storage tank	01	6000/-	04.05.2022
2	187 RFx No. 8100025189	48 Volt DCDB, 12 line	10	10000/-	05.05.2022
3	188 RFx No. 8100025187	Earth resistance Meter, Applied test voltage-(25V & 50 V)	03	10000/-	10.05.2022
4	189 RFx No. 8100025188	Automatic Turns Ratio Test Kit	01	10000/-	11.05.2022
5	190 RFx No. 8100025186	100 Line Junction box with cable glands	10	10000/-	06.05.2022

Please visit our website www.cspc.co.in (go through CSPTCL..)

//Save Electricity// S.-32130/1

Executive Director (S&P)
CSPTCL :Raipur

केनरा बैंक Canara Bank

क्षेत्रीय कार्यालय, अटल नगर नया रायपुर (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित कर्जदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम आस सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

[illegible]

क्र. स.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि
1.	मेसर्स महावीर एजेंसी, प्रोप. कमल कुमार लोढ़ा,	स्वामित्व- श्री कमल कुमार लोढ़ा, नजूल शीट नं. 28/डी, प्लॉट नं. 135, वार्ड नं. 06, कायस्थ पारा, ठाकुर देव मंदिर गली, दुर्ग में स्थित डबल स्टोरी भवन, भूमि एवं सम्पत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: दक्षिण की ओर- अजवात का मकान, उत्तर की ओर- अजवात का मकान, पश्चिम की ओर- गली (ठाकुर देव मंदिर), पूर्व की ओर- गुप्ता का मकान	₹ 20,50,371.42 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	04.02.2022 कब्जा सूचना तिथि 08.04.2022
2.	मेसर्स आलम सेल, प्रोप. अब्दुल कादीर खान,	भूमि का विवरण- खसरा नं. 6522, प.ह.नं. 14, [illegible] नगर, कोहका, पुरानी बस्ती, वार्ड नं. 9, भिलाई छत्तीसगढ़-490023, क्षेत्रफल- 2684 वर्गफिट, कीमत- रु. 47,20,000/-, चौहद्दी: दक्षिण की ओर- ओझा एवं राठी की भूमि, उत्तर की ओर- सड़क, पश्चिम की ओर- लोकनाथ का मकान, पूर्व की ओर- चौधरी की भूमि।	₹ 80,78,754.00 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	30.12.2021 कब्जा सूचना तिथि 11.04.2022

दिनांक : 13.04.2022, स्थान: रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

हीरोपंती 2 के लिए साजिद नाडियाडवाला ने लगाई बड़े एक्शन निर्देशकों की लाइन

अभिनेता टाइगर श्रॉफ आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे और हीरोपंती 2 भी उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म से जुड़ीं आए दिन नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब खबर है कि हीरोपंती 2 को और भव्य बनाने के लिए साजिद नाडियाडवाला ने इसमें बड़े एक्शन निर्देशकों को हायर कर लिया है, ताकि टाइगर के एक्शन और प्रभावी लगें।

हीरोपंती 2 की यूएसपी एक्शन ही है, इसलिए साजिद फिल्म को बेहतर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। साजिद ने स्टारशिप ट्रूपर्स, हर फेम मो फैसल, ब्रह्मास्त्र और वॉर का हिस्सा रहे परवेज शेख को इसका हिस्सा बनाया है। बागी 2 और बागी 3 के एक्शन डायरेक्टर केचा खम्फकदी, चैत्रदा चंद्रमा के एक्शन डायरेक्टर राम लक्ष्मण समेत कुछ दूसरे बड़े एक्शन निर्देशकों को भी फिल्म के एक्शन दृश्यों पर काम करने के लिए हायर किया गया है।

फिल्म में टाइगर का धांसू अवतार देखने को मिलेगा। वह अपने एक्शन दृश्यों से दर्शकों को हैरान कर देंगे। साजिद एक्शन के मामले में इस फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने फिल्म के लिए मशहूर एक्शन निर्देशकों को हायर किया है ताकि इसमें दर्शकों को कुछ ऐसे एक्शन सीन और स्टंट देखने को मिले, जो उन्होंने पहले कभी ना देखे हों। टाइगर ने भी फिल्म में इसके लिए कड़ी ट्रेनिंग ली है।

फिल्म हीरोपंती 2 में टाइगर की जोड़ी तारा सुतारिया के साथ बनी है। यह फिल्म हीरोपंती की सीचल है। इस फिल्म से कृति सैनन के साथ टाइगर ने भी बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। हीरोपंती के निर्देशक सब्बीर खान थे, लेकिन दूसरे पार्ट का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी एआर रहमान को सौंपी गई है। फिल्म 29 अप्रैल यानी ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है।

हीरोपंती 2 ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में अकेले दस्तक नहीं देगी, बल्कि इस फिल्म के साथ अजय देवगन की फिल्म रनवे 34 भी दर्शकों के बीच आएगी। यह थ्रिलर ड्रामा फिल्म भी 29 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है।

साजिद आजकल एकसाथ कई फिल्मों पर काम कर रहे हैं। वह जहां एक तरफ सलमान खान के साथ फिल्म कभी ईद कभी दिवाली के काम में व्यस्त हैं, वहीं कार्तिक आर्यन को लेकर भी एक फिल्म बना रहे हैं, जिसका नाम पहले सत्यनारायण की कथा रखा हुआ था। किक 2 भी साजिद के खाते से जुड़ी है। यह सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। साजिद कॉमेडियन कपिल शर्मा के साथ भी एक फिल्म लेकर आने वाले हैं।

प्रदर्शन से पूर्व ही केजीएफ-2 के सामने मैदान छोड़ भागी जर्सी, अब 22 को होगा प्रदर्शन

केजीएफ-2 को लेकर दर्शकों का उन्माद सिर चढ़कर बोल रहा है। एडवांस बुकिंग के जरिये लगभग 10 करोड़ का कारोबार कर चुकी इस फिल्म के क्रेज को देखते हुए शाहिद कपूर की जर्सी को एक बार फिर से टाल दिया गया है। 31 दिसम्बर को प्रदर्शित होने वाली जर्सी को पहले कोविड-19 के चलते टाला गया था। अब यह 14 अप्रैल को प्रदर्शित होने जा रही थी। फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी थी और सिनेमाघरों को तय कर लिया गया था, लेकिन कल रविवार 10 अप्रैल को अचानक से निर्माताओं ने इसके प्रदर्शन को स्थगित करने की घोषणा करने के साथ ही 22 अप्रैल को प्रदर्शित करने की घोषणा की। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर चर्चा होने लगी है कि शाहिद कपूर की जर्सी ने केजीएफ 2 और बीस्ट के आगे घुटने टेक दिए हैं।

शाहिद कपूर कई दिनों से फिल्म जर्सी का प्रमोशन करने में लगे हुए थे। मशहूर ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी देते हुए बताया है कि फिल्म अब 22 अप्रैल को रिलीज होगी। स्टेकहोल्डर्स ने ये फैसला बीती रात ही किया है। यह पहली बार नहीं जब जर्सी की रिलीज डेट को बदला गया है। इससे पहले भी फिल्म की रिलीज डेट मेकर्स ने कई बार बदली है। बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों फिल्मों के महाक्लैश को देखने के लिए दर्शक भी बेताब थे। हालांकि अब जर्सी के मेकर्स ने अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। अब इस फिल्म का केजीएफ चैप्टर 2 और बीस्ट के साथ टकराव नहीं हो पाएगा।

जर्सी की बात करें तो यह फिल्म इसी नाम की तेलुगु फिल्म की आधिकारिक हिंदी रीमेक है। फिल्म की कहानी एक असफल क्रिकेटर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने और अपने बेटे की ख्वाहिश को पूरा करने के लिए एक फिर मैदान में वापसी करता है। फिल्म में शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर भी अहम भूमिका में हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर फिल्म में मृणाल ठाकुर संग ऑनस्क्रीन रोमांस करते दिखाई देंगे।

सीरीज लंदन फाइल्स में दिखेंगे अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली

भले ही थिएटर में रौनक वापस आ गई हो, लेकिन ओटीटी प्लेटफॉर्म के प्रति दर्शकों में दीवानगी कम नहीं हुई है। अब जानकारी सामने आ रही है कि अभिनेता अर्जुन रामपाल वेब सीरीज लंदन फाइल्स में नजर आएंगे। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता पूरब कोहली भी दिखेंगे। यह एक इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज है। अर्जुन ने सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट का ऐलान किया है। सीरीज के निर्देशन की कमान सचिन पाठक ने संभाली है।

अभिनेता अर्जुन ने अपने ट्विटर हैंडल पर सीरीज का एक टीजर शेयर किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, यह इन्वेस्टिगेशन एक खतरनाक मोड़ लेने वाली है। खुद को अप्रिय स्थिति के लिए तैयार रखें, क्योंकि जासूस ओम सिंह रहस्यों की एक सुरंग में गोता लगाने के लिए तैयार है। लंदन फाइल्स जल्द आ रही है वूट सेलेक्ट पर। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म वूट सेलेक्ट पर यह सीरीज 21 अप्रैल को प्रसारित होगी।

सीरीज के टीजर में गजब का रोमांच देखने को मिला है। इसकी कहानी मीडिया मोगुल अमर रॉय और उसकी बेटी पर आधारित है। इसमें दिखाया जाएगा कि कैसे उनकी बेटी के खो जाने के बाद अर्जुन उसकी खोज शुरू करते हैं। सीरीज में मीडिया मोगुल अमर का किरदार अभिनेता पूरब निभा रहे हैं। वह एंटी इमिग्रेशन बिल का सपोर्ट करते हैं, जिसके कारण उनकी पहचान विभाजनकारी शख्स के रूप में होती है।



इस सीरीज में सपना पब्बी, मेधा राणा, गोपाल दत्त, सागर आर्य और ईवा जेन विलिस भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 6 एपिसोड में बनाया जाएगा। सीरीज को जार पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। सीरीज में अर्जुन और पूरब के बीच जबरदस्त जुगलबंदी देखने को मिलेगी। टीजर में दोनों ने अपने लुक से प्रभावित किया है। अब देखना है कि जासूस के रूप में अर्जुन ओम सिंह के कैरेक्टर के साथ कैसा न्याय करते हैं।

अर्जुन के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार अपर्णा सेन की फिल्म द रेपिस्ट में देखा गया था। इसके अलावा वह दिग्गज अभिनेत्री कंगना रनौत की एक्शन फिल्म धाकड़ में अभिनय करते दिखेंगे। फिल्म इसी साल दर्शकों के बीच आने वाली है। वह ऐतिहासिक ड्रामा द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले हैं। ओह माई गोस्ट में भी उनकी झलक देखने को मिल सकती है।

पूरब की बात करें तो वह बॉलीवुड के मझे हुए अभिनेता हैं। वह आने वाले दिनों में अपनी फिल्म ब्लाइंड में नजर आएंगे। इसके अलावा उन्हें एयरलिफ्ट, रॉक ऑन 2 और नूर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

राष्ट्रमंडल-एशियाई खेलों की टीम से बाहर हो सकती हैं साइना, सिंधू-लक्ष्य और श्रीकांत

नई दिल्ली। साइना नेहवाल इस साल होने वाले हांगझोऊ एशियाई खेल और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। साइना ने 15 से 20 अप्रैल तक केडी जाधव इंडोर हॉल में होने जा रहे इन खेलों के ट्रायल में भाग लेने से इंकार कर दिया है। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि ट्रायल में जो शटलर भाग नहीं लेगा। उसे इन खेलों की टीम में शामिल नहीं किया जाएगा। इसका मतलब यह हुआ कि साइना राष्ट्रमंडल खेलों में अपने खिताब की रक्षा नहीं कर पाएंगी। बीएआई की चयन नीति के अनुसार ट्रायल से विश्व बैडमिंटन की रैंकिंग में टॉप 15 में शामिल शटलरों को छूट दी गई है, जिसके चलते विश्व नंबर सात पीवी सिंधू, नंबर नौ लक्ष्य सेन, नंबर

11 किदांबी श्रीकांत और नंबर छह सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी को इन खेलों के लिए टीम में सीधे चयन मिल गया है।

दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता हैं साइना

बीएआई ने इस बार चयन में पारदर्शिता लाने के लिए राष्ट्रमंडल, एशियाई, थामस-उबेर कप के लिए ट्रायल कराने का फैसला लिया है, जिसमें 29 मार्च तक 16 से 50 की रैंकिंग वाले शटलरों और राष्ट्रीय रैंकिंग में पहले 16 स्थान पर शामिल शटलरों को खेलना होगा। ऐसे में साइना की विश्व रैंकिंग 23 है, जिसके चलते उनसे ट्रायल खेलने के लिए कहा गया। सूत्र बताते हैं कि सोमवार की शाम को उन्होंने बीएआई को सूचित कर दिया कि वह ट्रायल में नहीं खेलेंगी। साइना ने 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों और 2010 के दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों का एकल खिताब जीता था। उन्होंने जकार्ता एशियाई खेलों में एकल का कांस्य जीता था। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में पांच पुरुष और पांच महिला सदस्य होंगे, जबकि एशियाई खेलों और थॉमस-उबेर कप के दल में 20 सदस्य होंगे जिसमें 10 पुरुष और 10 महिला शटलर होंगे।

दिग्गजों ने इस स्टॉक पर लगाया बड़ा दांव
शेयर 10% की छलांग लगाकर 132 रू. का हो गया

नई दिल्ली। ड्यूरोप्ली इंडस्ट्रीज ने बुधवार को शुरुआती कारोबार में 10 फीसदी की बढ़त दर्ज की। कंपनी के शेयर इंट्रा डे में 10 की तेजी के साथ 132.60 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। इस शेयर में तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है वो यह है कि दिग्गज निवेशक पोरिंजू वेलियाथ और उनकी पत्नी लिट्टी थॉमस ने मंगलवार को ओपन मार्केट के लेनदेन के माध्यम से कंपनी के 7,000 इक्विटी शेयर खरीदे हैं।

इस डील के बाद कंपनी में दंपति की हिस्सेदारी पहले के 5.5 फीसदी के मुकाबले बढ़कर 5.61 फीसदी हो गई है। ड्यूरोप्ली के शेयर की कीमत बीएसई पर पिछले बंद के 120.55 रुपये के मुकाबले 132.60 रुपये के हाई लेवल पर पहुंच गई। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में फर्म के शेयर की कीमत में 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बता दें कि केरल स्थित वेलियाथ इक्विटी इंटेलिजेंस इंडिया के फाउंडर हैं। कंपनी प्लाईवुड का कारोबार करती है पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में Duroply ने 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त अवधि के दौरान 56.87 करोड़ रुपये की तुलना में 55.26 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की। ड्यूरोप्ली ने अक्टूबर-दिसंबर में 77 लाख रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में उसे 15 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

महंगी हुई सब्जियां, लोगों की खाली कर रहीं जेब, 87 फीसद परिवार प्रभावित

नई दिल्ली। आलू, प्याज और टमाटर को छोड़ दें तो हरी सब्जियों की ऊंची कीमतें लोगों के किचन के बजट को बिगाड़ कर रख दिया है। पिछले महीने से लगातार बढ़ रही सब्जियों की कीमत ने भारत के हर दस में से नौ घरों को परेशान किया है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

सर्वेक्षण करवाने वाली संस्था लोकल सर्किल्स का कहना है कि उसे भारत के 311 जिलों में रहने वाले नागरिकों से 11,800 प्रतिक्रियाएं मिलीं। संस्था का दावा है कि मार्च से बढ़ रही सब्ज़ियों की कीमतों से लगभग 87 फीसद भारतीय परिवार प्रभावित हैं। लोकल सर्किल्स ने कहा कि सर्वेक्षण के निष्कर्ष बताते हैं कि पिछले महीने कुछ सब्ज़ियों की कीमतें आसमान छू गई थीं।

सर्वेक्षण में क्या बोले लोग

सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 37 फीसद लोगों ने कहा कि वे सब्जियों की कीमतों में 25 फीसद से अधिक वृद्धि को अनुभव कर रहे हैं। 36 फीसद लोगों ने माना कि पिछले महीने की तुलना में इस महीने वे सब्जियों की समान मात्रा के लिए 10-25 फीसद अधिक का भुगतान कर रहे हैं, जबकि अन्य 14 फीसद ने कहा कि वे 0 से 10 फीसद अधिक का भुगतान कर रहे हैं।

करीब 25 फीसद लोगों ने माना कि उन्हें

25-50 फीसद अधिक भुगतान करना पड़ा। जबकि अन्य पांच फीसद लोगों का मानना था कि मार्च की तुलना में उतनी ही मात्रा में खरीदी जाने वाली सब्जियों के दाम के लिए अतिरिक्त 50-100 फीसद दाम देने पड़े।

30 फीसदी परिवार सस्ते खाद्य तेल के विकल्प अपना रहे

सात फीसद लोगों का मानना था कि उन्हें दोगुना दाम से अधिक का भुगतान करना पड़ा। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले लोगों में लगभग 64 फीसद प्रतिभागी पुरुष थे जबकि 36 फीसद महिलाएं शामिल थीं। एक अन्य सर्वे के मुताबिक, करीब 30 फीसदी परिवार सस्ते खाद्य तेल के विकल्प अपना रहा हैं।

इसके लिए परिवार गैर-ब्रांडेड खाद्य तेल का भी उपयोग कर रहे हैं। सर्वे के मुताबिक, महंगाई से निपटने के लिए कुछ निम्न और मध्यम आयवर्ग के परिवार सस्ते और कम गुणवत्ता वाले खाद्य तेल के इस्तेमाल को मजबूर हो रहे हैं।

चेन्नई की जीत से गुजरात को फायदा, ऑरेंज व पर्पल कैप की सूची में भी बदलाव

नई दिल्ली। आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे सफ्ल टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार अपना खाता खोल लिया। चार बार की चैंपियन सीएसके ने मंगलवार को बैंगलोर को 23 रनों से हराकर सीजन की पहली जीत दर्ज की। चेन्नई की टीम को शुरू के चार मैच गंवाने के बाद सीजन के 22वें मैच में पहली जीत नसीब हुई। चेन्नई की जीत से गुजरात टाइटंस को फायदा तो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को नुकसान हुआ है। इसके अलावा पर्पल कैप (सर्वाधिक विकेट) और ऑरेंज कैप (सर्वाधिक रन) की सूची में भी बदलाव हुआ है।

अंक तालिका की स्थिति

चेन्नई की टीम को जीत के बाद दो अंक मिले हैं और अब वह नौवें स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई का अभी तक खाता नहीं खुला है और वह आखिरी पायदान पर बनी हुई है। वहीं चेन्नई की जीत की वजह से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर एक स्थान खिसककर पांचवें नंबर पर चली गई है। जबकि गुजरात की टीम बेहतर रन रेट के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है। शीर्ष पर अभी भी राजस्थान रॉयल्स की टीम काबिज है। बाकी टीमों की तुलना में उसका रन रेट अच्छा है। इसके अलावा दूसरे और तीसरे स्थान पर कोलकाता और लखनऊ की टीम काबिज है। गौरतलब है कि शुरू की पांचों टीमों के छह-छह अंक हैं और इनके बीच रन रेट का अंतर है।

कांस्य पदक के मुकाबले में शूटआउट में हारी भारतीय महिला हॉकी टीम, इंग्लैंड से मिली हार

पोटचेफ्स्ट्रम। मुमताज खान के दो गोल के बावजूद भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच जूनियर विश्वकप में पदक जीतने का सपना टूट गया और कांस्य पदक के मुकाबले में इंग्लैंड ने उसे शूटआउट में 3-0 से हरा दिया। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। टूर्नामेंट में आठ गोल करने वालीं मुमताज ने भारत के लिए 21वें और 47वें मिनट में फील्ड गोल किए। इंग्लैंड के लिए मिली जिगलियो ने 18वें और क्लाउडिया स्वेन ने 58वें मिनट में गोल करके मैच को शूटआउट में खींचा।

शूटआउट में ओलंपियन शर्मिला देवी, कप्तान सलीमा टेटे और संगीता कुमारी गोल नहीं कर सकीं। वहीं इंग्लैंड के लिए कैटी कुर्टिस, स्वेन और मैडी एक्सफोर्ड ने गोल दागे। इसके साथ ही इंग्लैंड ने 2013 में इसी टूर्नामेंट के कांस्य पदक के मुकाबले में भारत से मिली हार का बदला चुकता कर लिया। 2013 में जर्मनी के मोंशेंग्लाबाख में जूनियर विश्वकप में भारत ने इंग्लैंड को शूटआउट में हराकर कांस्य पदक जीता था ।

मैच का नतीजा भले ही पक्ष में नहीं रहा हो लेकिन भारत का पलड़ा पूरे मैच में इंग्लैंड पर भारी था । गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों के मामले में भारत ने बाजी मारी लेकिन आखिरी कुछ क्षणों में ढिलाई बरतने का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा। भारत ने सकारात्मक शुरुआत करके जल्दी ही दो पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं हो सके।

इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में बढ़त बना ली। जिगलियो का कमजोर शॉट भारतीय गोलकीपर बिछू देवी से टकराया और उनके पैरों के बीच से गेंद गोल के भीतर चली गई। इसके तीन मिनट बाद ही हालांकि मुमताज ने भारत के लिए बराबरी का गोल किया। हाफ्टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर था।

दूसरे हाफ के शुरुआती 15 मिनट दोनों टीमों ने खराब हॉकी खेली। चौथे क्वार्टर के 11वें मिनट में इंग्लैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे बिछू देवी ने बचाया। भारत को भी आखिरी क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत के लिए दूसरा गोल 47वें मिनट में मुमताज ने किया। इसके बाद इंग्लैंड ने लगातार जवाबी हमले बोले और आखिरी छह मिनट में गोलकीपर को भी मैदान पर उतार दिया। आखिरी सीटी बजने से दो मिनट पहले भारतीय डिफेंस चरमरा गया और स्वेन ने बराबरी का गोल दाग दिया।

अडानी की कंपनी ने ढ़ाई महीने में 1.94 लाख को बना दिया 5.54 लाख रुपए

नई दिल्ली। अडानी विल्मर के शेयर लगातार शानदार परफॉर्म कर रहे हैं। कंपनी के शेयर बीएसई पर लगभग 4 पर्सेंट ऊपर चढ़कर 630.25 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। शुरुआती कारोबार में आज कंपनी के शेयर 634 रुपये तक पहुंच गए थे। कंपनी के शेयरों ने लिस्टिंग डे के बाद ही निवेशकों को मालामाल करने का काम किया है। यह लिस्टिंग डे से लेकर अब तक लगभग 185 पर्सेंट का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने में यह शेयर लगभग 84% उछला है।

इश्यू प्राइस से 185 प्रतिशत का फायदा

बता दें कि अडानी विल्मर का आईपीओ 27 जनवरी 2022 को लॉन्च हुआ था और इसके शेयरों की लिस्टिंग 8 फरवरी 2022 को हुई थी। कंपनी का इश्यू प्राइस रू. 218 से रू. 230 था। बीएसई पर कंपनी के शेयर 8 फरवरी को 221 रुपये डिस्काउंट पर लिस्ट हुए थे। इस हिसाब से अडानी विल्मर के शेयर लगभग ढ़ाई महीने में ही अपने निवेशकों को 185 पर्सेंट से ज्यादा का जोरदार रिटर्न दिया है।

1.94 लाख रुपये बन जाते 5.54 लाख रुपये

अडानी विल्मर आईपीओ की पेशकश रू 218 से रू 230 प्रति इक्विटी शेयर पर की गई थी। इस इश्यू के लिए एक लॉट में 65 शेयरों को रखा गया था। ऐसे में एक निवेशक को इस आईपीओ में आवेदन करने के लिए 1,94,350 रुपये का निवेश करना पड़ा। यदि कोई आवंटी इस मल्टीबैगर आईपीओ में लिस्टिंग के बाद की अवधि से अब तक अपने निवेश को बनाए रहता, तो उसका 1,94,350 आज ढ़ाई महीने बाद ही 5.54 लाख हो जाता।

जंग का मिला फायदा

रूस और यूक्रेन की जंग से अडानी विल्मर के शेयरों को फायदा मिला है। बाजार जानकारों की मानें तो यूक्रेन संकट के चलते भारत में सूरजमुखी तेल के आयात प्रभावित हुए हैं जिससे अंततः सूरजमुखी तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है और डिमांड बढ़ी है। ऐसे में अडानी विल्मर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है क्योंकि भारत में खाद्य तेल बाजार में यह सबसे बड़ा प्लेयर है। अडानी विल्मर के पास बेहद मजबूत डिलिवरी नेटवर्क है और कंपनी इसे अगले 3-4 सालों में और विस्तार करने की योजना बना रही है।

750 रुपये पहुंच सकता है शेयर

कंपनी के सभी पॉजिटिव कारकों को देखते हुए घरेलू ब्रोकरेज हाउस अडानी विल्मर के शेयरों पर बुलिश हैं और इसे बाइ रेटिंग दी है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज के प्रमुख अनुज गुप्ता ने इस शेयर को 700 से 750 रुपये के टारगेट के साथ खरीदने की सिफारिश की है। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, 530 रुपये के टोपलेश पर इसे खरीदा जा सकता है।

कंपनी का कारोबार

अडानी विल्मर, गौतम अडानी के नेतृत्व वाले ग्रुप अडानी ग्रुप और सिंगापुर के विल्मर समूह के बीच 50:50 की जॉइंट वेंचर कंपनी है। कंपनी फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाना पकाने के तेल बेचती है। खाना पकाने के तेल के अलावा यह चावल, गेहूं का आटा और चीनी जैसे खाद्य उत्पाद बेचता है। यह साबुन, हैंडवाश और सैनिटाइज़र जैसे गैर-खाद्य उत्पाद भी बेचता है।

श्रमिक परिवारों के लिए शुरू होगा ओपीडी, मिलेगी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा : ज्योत्सना

■ **ईएसआईसी हॉस्पिटल का अवलोकन करने पहुंचीं कोरबा सांसद**

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले सहित आसपास के लाखों श्रमिक परिवारों को चिकित्सा सुविधा मिल सके इसके लिए जल्द ही कोरबा का ईएसआईसी अस्पताल में पहले चरण में ओपीडी और उसके बाद उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रारंभ हो सके इसके लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत डिंगापुर स्थित ईएसआईसी हास्पिटल का अवलोकन करने पहुंचीं थी। उन्होंने कहा कि कोरबा के पूर्व सांसद व वर्तमान स्पीकर डॉ. चरणदास महंत के प्रयासों से 100 करोड़ से भी अधिक की लागत से ईएसआईसी हॉस्पिटल का निर्माण कराया है जो कोविड में वरदान साबित हुआ। हॉस्पिटल में जल्द ओपीडी प्रारम्भ हो सके उसके लिए प्रयास किये जा रहे। उन्होंने हास्पिटल का निरीक्षण कर उपलब्ध चिकित्सकों से जानकारी ली है। चिकित्सकों ने बताया है कि जिला प्रशासन ने हास्पिटल को हैण्डओव्हर कर दिया है। चिकित्सकों की टीम पहुंच चुकी है। सांसद ने कहा कि केन्द्रीय श्रम मंत्री व मुख्यमंत्री छग से ईएसआईसी अस्पताल के उद्घाटन के प्रयास

किए जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि जनता को व्यापक स्वास्थ्य व शिक्षा के साथ साथ मूलभूत सुविधा मिले ये मेरी प्राथमिकता है। बीते दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है लेकिन कोरबा के बंद पड़ी यात्री गाड़ियों को अब तक चालू नहीं किया गया है। ये यहां की जनता के साथ छलावा है, गाड़ियों की लेट लतीफी से हम सब बेहद परेशान है। सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मिलकर कोरबा का मेडिकल कालेज में जल्द पढ़ाई स्टार्ट हो सके इसके लिए प्रयास किये जा रहे है, इस संदर्भ में कोरबा की मेडिकल टीम व जिला प्रशासन भी जुटा हुआ है। सांसद ने बताया कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मीटिंग हुई है। सड़क के कार्य मे तेजी लाने व नया सड़क की मांग की गई है। सांसद ने कहा कि एक बात और बताना चाहूंगी देश के 40 इकोनॉमिक ग्रीन कॉरिडोर में से एक सड़क रायपुर, बिलासपुर, उरगा, होकर धनबाद जाएगी। उसके तेज गति से निर्माण को लेकर भी हम सभी लगातार प्रयास कर रहे है। इस मौके पर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, उषा तिवारी, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, किरण चौरसिया, अवध बिहारी दीक्षित, मनोरा लकरा, मनोज चौहान, अभिषेक बाजपेयी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आवश्यकता

दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र रायपुर में सिटी रिपोर्टर एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
संपर्क समय - 12 से 5 बजे
रायपुर कार्यालय फोन नं. - 0771-4035602

जिपं अध्यक्ष पर सदस्यों ने लगाया राशि आबंटन में भेदभाव का आरोप

■ **जमकर हुआ हंगामा, सामान्य सभा का बहिष्कार कर निकल गए बाहर**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत विकास निधि की द्वितीय किश्त की राशि में भेदभाव को लेकर मंगलवार को आयोजित जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में हंगामा हो गया। यहां तक जिपं के कुछ सदस्यों ने जिपं अध्यक्ष पर राशि आबंटन में भेदभाव का आरोप लगाते हुए सभा का बहिष्कार करते हुए बाहर निकल गए। जिपं अध्यक्ष का इस बारे में साफ कहना था कि सामान्य सभा की बैठक में कहीं बहिष्कार वाली बात नहीं है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, समस्त सदस्यगण एवं विभागों के अधिकारी उपस्थिति थे। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत विकास निधि में कम राशि प्राप्त हुई है, सभी सदस्यों को सम्मानजनक राशि आबंटित हुई है। जिला पंचायत गरियाबंद को जिला पंचायत विकास निधि की द्वितीय किश्त की राशि 60 लाख रुपए जारी की गई है। उक्त निधि की राशि को क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर करने एवं विभिन्न विकास कार्यों में खर्च करने के लिए जिला पंचायत सदस्यों को दी जाती है। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में उस समय गहमागहमी का माहौल हो गया, जब जिला पंचायत विकास निधि की जारी राशि का अनुमोदन किया जा रहा था। जिसमें कुछ जिला पंचायत सदस्यों को ज्यादा तरजीह दी जा रही थी तो कुछ को कम। इस बात को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू, चंद्रशेखर साहू समेत दो महिला सदस्यों ने राशि आबंटन में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए सभा का बहिष्कार कर बाहर निकल गए। जिपं सदस्य रोहित साहू ने कहा कि जिला पंचायत गरियाबंद में मनमानी चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जिपं गरियाबंद को जिला पंचायत विकास निधि की द्वितीय किश्त 60 लाख रुपए प्रदाय की गई है। राशि आबंटन में मनमानी करते हुए अध्यक्ष को 20 लाख रुपए, उपाध्यक्ष को 15 लाख रुपए, सभापति को 5-5 लाख रुपए एवं सदस्यों को 2-2 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इस बात पर सामान्य सभा में हमारे द्वारा विरोध किया गया। कहा कि अध्यक्ष की मनमानी के चलते जिला पंचायत के चार सदस्यों ने सभा का बहिष्कार करते हुए सभी सदस्यों को बराबर राशि आबंटित करने की मांग की गई है। जिपं सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष जिला पंचायत विकास निधि में राशि दी जाती है, जिससे मूलभूत समस्याओं को दूर करने एवं विकास कार्यों में खर्च किया जा सकें। उक्त निधि की राशि आबंटन में मनमानी की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कुछ सदस्यों को ज्यादा राशि देते हुए कुछ सदस्यों को मात्र दो-दो लाख रुपए दिए हैं। जिसको लेकर चार सदस्यों ने विरोध करते हुए सभा का बहिष्कार किया है। जिपं अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि जिला पंचायत को विकास निधि में 60 लाख रुपए प्रदाय की गई है। राशि कम होने के चलते सभी सदस्यों को सम्मानजनक राशि आबंटित की गई है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष को 20 लाख, उपाध्यक्ष को 15 लाख, सभापति को 5-5 लाख एवं सदस्यों को 2-2 लाख रुपए आबंटित की गई है।

धान खरीदी में गड़बड़ी, 4 पर एफआईआर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर हथनीकला धान खरीदी केन्द्र के चार कर्मियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। यह धान खरीदी केन्द्र पथरिया ब्लाक में आता है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में इस केन्द्र में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर एसडीएम पथरिया ने मामले की जांच की। जिसमें उक्त खरीदी केन्द्र में 1298.40 क्विंटल धान एवं 20570 नग बारदाने की कमी का मामला पकड़ में आया था। इसके चलते धान खरीदी केन्द्र हथनीकला के प्रभारी अजय सिंह, तात्कालिक केन्द्र प्रभारी जयप्रकाश साहू, प्रभारी संस्था प्रबंधक किशुन श्रीवास एवं कम्प्यूटर ऑपेरटर विजय सिंह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।